हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 29.6 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

10 कांग्रेस पार्टी राजीव भवन से करेगी चुनाव की मॉनिटरिंग

11 अटल ने सुशासन के अटल इरादों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का किया निर्माण




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में महिला की मौत, पति गंभीर

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से महिला की मौके पर मौत हो गई। वहीं पति गंभीर रूप से घायल है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर स्थित गुरूद्वारा के सामने अज्ञात वाहन की ठोकर से आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड निवासी महिला 59 वर्षीय कमलेश अग्रवाल की मौके पर मौत हो गई। वहीं राकेश अग्रवाल का उपचार अस्पताल में जारी है। अग्रवाल दंपत्ति दुर्ग से भिलाई की ओर आ रहे थे। दोनों अपनी बाइक से घर की ओर आ रहे थे।

### हथियार लेकर घूमने वाले दो आए गिरफ्त में



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर गुंडागर्दी करने वाले दो आदतन बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल थाना प्रभारी कपिल देव ने बताया कि एसीसी चौक जामुल और छावनी चौक में दो बदमाशों द्वारा चाकू लहरा कर लोगों को डरा रहे थे। पुलिस की पेट्रोलिंग के दौरान अर्जुन नगर छावनी निवासी शक्ति डेहरे और केम्प-2 शारदा पारा घासी चंदेल को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपी थाना वैशाली नगर का हिस्ट्रीशीटर है।

### खाद्य विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, वाहन चालक हिरासत में

# पीडीएस का चावल राइस मिलों में खपाने कोचिए सक्रिय, मोहन नगर से 22 कट्टा चावल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कस्टम मिलिंग शुरू होने के साथ ही सरकारी चावल की अफरा-तफरी का खेल भी शुरू हो गया है। राइस मिलर्स तक चावल पहुंचाने के लिए कोचिए का पूरा गिरोह सक्रिय हो गया है। यह गिरोह दुर्ग और भिलाई में काम कर रहा है। कोचिए राइस मिलर्स, राशन दुकान और छोटे-मझौले अनाज व्यापारियों से सांठगांठ कर सरकारी पीडीएस का चावल खरीदकर उसकी अफरा-तफरी कर रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों से इनकी सक्रियता बढ़ गई है। गुरुवार की सुबह मोहन नगर थाना क्षेत्र में चावल से भरा एक वाहन पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने शिकायत के बाद जब्त किया। वाहन में 22 कट्टा यानी करीब 1100 किलो चावल था। पुलिस ने इस मामले में वाहन चालक को हिरासत में लिया है। खाद्य विभाग की टीम ने चावल को जब्त कर सील कर दिया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि चावल किसी बम्लेश्वरी राइस मिल ले जाया जा रहा था, जो कि बाइपास के पास कहीं है। बहरहाल पुलिस इस जानकारी के आधार पर पूछताछ कर रही है।



**चावल का सैंपल लिया गया है, जांच की जा रही**

शिकायत मिलने पर थाने में खाद्य निरीक्षक टिकेश्वर साहू को भेजा गया था। उनके द्वारा सैंपल लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

टीएस अतरी, प्रभारी, खाद्य नियंत्रक दुर्ग

#### भिलाई में कोचिया ज्यादा सक्रिय, वे कर रहे राशन दुकानों से सांठगांठ

जानकारी के मुताबिक इस मामले में सीजी 07सी09172 को जब्त किया गया है। वाहन किसी राकेश साव का बताया गया है। का वाहन है। जिसे मोहननगर थाने में चावल सहित जप्त किया गया है। जबकि वाहन मालिक गोवर्धन देवांगन का है। उन्होंने बताया कि रामनगर स्थित एक घर से चावल लोड किया, जिसे दुर्ग ले जाने कहा गया था। उसने बताया कि चावल राकेश साव उर्फ हर्रा का है। शहर में सरकारी चावल की अफरा-तफरी नई बात नहीं है। राशन दुकान और छोटे अनाज व्यापारियों के माध्यम से 10 रुपए किलो के भाव से इसे कलेक्ट किया जाता है, इसके बाद मिलरों तक सप्लाई की जाती है। पिछले कुछ समय में फोर्टिफाइड (पोषणयुक्त) चावल की कालाबाजारी की बात सामने आई है।

#### लगातार पीडीएस की कालाबाजारी की शिकायतें

पिछले करीब एक महीने से लगातार पीडीएस के चावल की कालाबाजारी की शिकायतें आ रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि 15 दिसंबर को करहीडीह से चावल जब्त कर जेवरा पुलिस चौकी में रखवाया गया था। गुरुदेव राइस मिल से करीब 22 क्विंटल चावल जब्त किया गया था। अब राकेश साव की गाडी पकड़ी गई है। कैंप क्षेत्र में एक मकान के अंदर से चावल की बोरियां भी जब्त हो चुकी हैं। वैशाली नगर पुलिस ने उस समय बताया था कि कैम्प-1 संग्राम चौक स्थित एक मकान में पीडीएस का चावल स्टोर कर रखा गया था।

#### चावल अफरा-तफरी का पूरा सिस्टम ऐसे कर रहा काम, जानिए

मिलर्स को चावल की जरुरत मिलिंग के बाद नान और एफसीआई में जमा कराने के दौरान पड़ती है। एक क्विंटल के एवज में करीब 70 किलो चावल जमा कराना होता है। ब्रोकन की वजह से 60 से 63 किलो ही चावल मिलिंग के बाद निकलता है। प्रति क्विंटल 7 किलो या इससे ज्यादा का डिफरेंस वे अफरा-तफरी के चावल से एडजेस्ट करते हैं, या बाजार से खरीदते हैं। इसकी वजह से ही कोचिए का पूरा गिरोह इस धंधे में सक्रिय हो गया है। वह राशन दुकान (सोसाइटी) में सेटिंग कर अलग-अलग कीमतों में चावल एकत्रित करते हैं और वाहनों के माध्यम से मिलों तक पहुंचाते हैं। इस धंधे में तीन बड़े माफिया हैं, जो लंबे समय से इसमें सक्रिय हैं, लेकिन न ही पुलिस और न ही प्रशासनिक महकमा उन्हें पकड़ पाया है। काके नामक कोचिए की सक्रियता बताई गई है। जिसके बारे में पुलिस पतासाजी कर रही है।

### भिलाई तीन में पीडीएस चावल तस्कर पर मेहरबानी

पीडीएस चॉवल की तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लेकिन भिलाई-चरोदा में भारी मात्रा में चावल की तस्करी हो रही है लेकिन इस पर खाद्य विभाग की मेहरबनी है।इस कारण राशन दुकान के सांठगांठ के कारण यहां तस्करी का काम बड़े पैमाने पर चल रहा है। चावल की तस्करी करने वाला प्रतिमाह 70-80 हजार रुपए अवैध रुप से कमाई कर रहा है। भिलाई तीन का चावल तस्करी यहां के स्थानीय राशन दुकानों से प्रतिदिन 50 क्विंटल चॉवल डम्प किया जा रहा है। चावल का डम्प सत्यम चौक भिलाई तीन समेत आसपास में के जगहों में बेखौफ तरीके से किया जा रहा है। इस तस्कर पर खाद्य विभाग की बड़ी मेहरबानी है।इसके एवज में विभाग प्रतिमाह हजारों रुपए वसूल रहा है। साथ ही पुलिस वालों को भी मैनेज कर चावल की तस्करी की जा रही है।

#### खुर्सीपार में दो सौ क्विंटल का रोज कारोबार, खाद्य विभाग की खामोशी

खबरों के मुताबिक जिले में चॉवल की तस्करी में गरीबों के अनाज पर डाका डाला जा रहा है। खुर्सीपार क्षेत्र में प्रतिदिन 200 क्विंटल चावल की तस्करी हो रहा है। खबरों के मुताबिक श्रीदेव नामक व्यक्ति चावल तस्करी को सेफ करने के लिए दो लाख रुपए प्रतिमाह अपने आका तक पहुंचा रहा है। इस कारण खाद्य विभाग भी इस ओर ध्यान देने से कतरा रही है। यह तस्कर छावनी, पावर हाउस, डबरा पारा समेत आसपास के राशन दुकानों में चॉवल लेने पहुंचता है। इस तरह बीते अर्से से चॉवल तस्करी का कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा है। लेकिन खाद्य विभाग की तगड़ी सेटिंग के कारण यह कारोबार जिले में बड़े पैमाने पर जारी है। इस चावल तस्कर पर इतनी मेहरबानी है कि खाद्य विभाग के अलावा पुलिस विभाग के मौन स्वीकृति मिली हुई है। इसे लेकर आज तक इस तस्कर पर कार्रवाई नहीं की गई।

### योनो एप खोलते ही 50 हजार पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** योनो एप से खाते का बैलेंस चेक करने पर खाते से रुपए पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाप धारा 318, आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि टीके तिवारी ने अपने योनो ऐप से बैलेंस चेक कर रहे थे। इस दौरान ऐप खोलते ही क्रेडिट कार्ड डाउनलोड करने का मोबाइल पर उनका मैसेज आया। मैसेज मिलने पर टीके तिवारी ने क्रेडिट कार्ड डाउन लोड का प्रयसा कर रहे थे। तब ओटीपी डालने का निर्देश मिला। ओटीपी डालते ही खाते से 50 हजार रुपए गायब हो गए। पीड़ित टीके तिवारी पेशे से अधिवक्ता है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### स्मृति नगर चौकी क्षेत्र की घटना

## छात्रा ब्लैकमेलिंग का शिकार, युवकों ने की 5.80 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बी.कॉम के छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए वसूली करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पिता प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि उनकी बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा है। वर्ष 2022-2023 में जिस स्कूल में वह पढ़ती थी वहां उतई बाजार चौक निवासी समीर वर्मा नामक युवक भी पड़ता था। इसके कारण पीड़िता की जान पहचान थी। स्कूल छूटने के बाद भी पीड़िता की समीर से बात होती थी। इस दौरान समीर वर्मा ने पीड़िता को बताया कि उसके पिता को ब्रेन हेमरेज हो गया। इलाज के लिए रुपयों की जरूरत है। रुपए मांगने पर छात्रा ने मना कर दिया। इसके बाद भी समीर वर्मा लगातार छात्रा को रुपए देने के लिए अलग अलग तरीके से परेशान करता रहा। जब बात नहीं बनी तो समीर वर्मा के भाई राहुल वर्मा ने छात्रा को फोन किया और कहा कि स्कूल के समय में उसके भाई ने मोबाइल से उसका वॉशरूम वाला वीडियो रिकार्ड किया है। रुपए नहीं दिए तो वीडियो वायरल करने की धमकी दी। वीडियो की बात सुन छात्रा डर गई और समीर वर्मा के बताए अनुसार अलग अलग खातों में रुपए ट्रांसफर किए। छात्रा ने अपने पिता के एसबीआई खाते से शुभम, मयंक, प्रज्ञा, डोमेन्द्र, सत्यम, अजय कुमार, धनंजय आदि के खातों में अलग अलग तारीखों पर यूपीआई के माध्यम से 99,300 रुपए ट्रांसफर कराए।

**बैंक खाते को प्रिंट कराने पर हुई जानकारी:** राहुल वर्मा ने अपने खाते में 4 दिसंबर 2023 से लेकर 28 अगस्त 2024 तक 4 लाख 81 हजार 523 रुपए यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कराया। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि माह सितंबर में वह बैंक गया और पासबुक प्रिंट कराने पर खाते से इतनी बार रकम ट्रांसफर किए जाने की जानकारी मिली। पीड़िता के पिता ने जब अपनी बेटी से इसकी जानकारी ली अपने साथ हुए ब्लैकमेलिंग के बारे में जानकारी दी। फिर पीड़िता के पिता ने 21 सितंबर 2024 समीर के घर गए। तो उसकी मां ने गलती स्वीकारी और रुपए जल्द वापस करने का वादा किया। इसके बाद अब तक रुपए नहीं दिए। फोन करने पर कोई रिसीव नहीं कर किया। समीर वर्मा व राहुल वर्मा ने छात्रा से कुल 5 लाख 80 हजार 823 रुपए हड़प लिए। परेशान होकर पीड़ित के पिता ने अपराध दर्ज कराया दिया।

## पूर्व पार्षद और भाजपा नेता के पुत्र पर प्राणघातक हमला, अपहरण का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पूर्व पार्षद और भाजपा नेता के पुत्र का घर से अपहरण करने की कोशिश कर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है।



■ भिलाई नगर पुलिस जांच में जुटी

भिलाई नगर थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि भाजपा नेता और पूर्व पार्षद रॉबर्ट कामिल ने शिकायत किया है कि उनका पुत्र उत्कर्ष एंथनी भिलाई स्टील प्लांट में काम करता है। क्रिसमस होने पर बीती देर रात 12 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा था। इस दौरान वहां उड़िया नाम का युवक तीन चारपहिया वाहन में युवकों के साथ पहुंचा था।

युवकों ने वहां आते ही उत्कर्ष से गाली गलौज करना शुरू कर दिया। उसे जबरन वाहन में बैठाने का प्रयास करने लगे। उत्कर्ष के शोर मचाने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। आरोपी युवकों के हाथ में हॉकी, राड और डंडा था। उक्त हथियार से पीड़ित को घर के बाहर ही गिराकर पीटने लगे। शोर सुनकर मोहल्ले लोग भी बाहर आ गए। भाजपा नेता कामिल रॉबर्ट ने सूचना डायल 112 को फोन पर दिया। किया मारपीट की घटना में उत्कर्ष के सिर और शरीर में काफी चोट आई। जिसका उपचार सेक्टर 9 अस्पताल में जारी है। खबर लिखे जाने तक आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर थे।




### दुर्ग सेक्शन में सरोना-कुम्हारी के मध्य अपग्रेडेशन

## ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का काम, 31 ट्रेनें प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के अंतर्गत रायपुर, दुर्ग सेक्शन में सरोना और कुम्हारी के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग, अन्य अपग्रेडेशन कार्यों के कारण इंटरलोकिंग का कार्य किया जाना है। जो 28 दिसंबर को 12 बजे से 29 दिसंबर 2 बजे तक 26 घंटे का नॉन इंटरलॉकिंग अपग्रेडेशन कार्य रेलवे द्वारा जाएगा। इसके कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

जिसमें ट्रेन संख्या 08701 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर, ट्रेन 08702 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से, ट्रेन 08703 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर,ट्रेन 08704 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से 29 दिसंबर और ट्रेन 08707 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल 28- 29 दिसंबर, 2024 को रद्द रहेगी। इसके अलावा ट्रेन 08708 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल 28 -29 दिसंबर, ट्रेन 08709 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल 28 दिसंबर, ट्रेन 08710 डोंगरगढ़-रायपुर पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर ट्रेन 08717 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर रायपुर से 28 दिसम्बर, ट्रेन 08718 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर दुर्ग से , ट्रेन 08725 रायपुर-दुर्ग मेमू पैसेंजर, ट्रेन 08726 दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर, ट्रेन 08721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर, ट्रेन 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर 28 दिसंबर को, ट्रेन 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर 29 दिसंबर, ट्रेन 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल 28 दिसंबर, ट्रेन 08730 डोंगरगढ़-रायपुर पैसेंजर 29 दिसंबर, ट्रेन 08267 रायपुर नेताजी सुभाष चंद्र बोष इतवारी मेमू पैसेंजर 27- 28 दिसम्बर, ट्रेन 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी रायपुर मेमू पैसेंजर 28 -29 दिसम्बर, ट्रेन 08279 कोरबा रायपुर पैसेंजर मेमू 27 - 28 दिसंबर, ट्रेन 08262 रायपुर बिलासपुर पैसेंजर 28-29 दिसंबर को रद्द रहेगी।

#### गंतव्य से पहले समाप्त हो रही ट्रेन

ट्रेन 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर में समाप्त कर ट्रेन बिलासपुर गोंदिया के मध्य, ट्रेन 08833 रायपुर-ताड़ोकी डेमू पैसेंजर को दुर्ग से रवाना की जाएगी यह रायपुर- दुर्ग के मध्य, ट्रेन 08277 टीटलागढ़ रायपुर पैसेंजर को आरंग महानदी में समाप्त होगी, ट्रेन 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर को गोंदिया के स्थान पर बिलासपुर से झारसुगुड़ा के लिए रवाना की जाएगी। ट्रेन गोंदिया-बिलासपुर,ट्रेन 08834 ताड़ोकी रायपुर डेमू पैसेंजर दुर्ग में समाप्त कर दी जाएगी। यह गाड़ी दुर्ग रायपुर के मध्य, ट्रेन संख्या 08528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर को महासमुंद में समाप्त कर ट्रेन महासमुंद रायपुर के मध्य 28 दिसंबर को रद्द रहेगी। ट्रेन 08816 अंतागढ़-रायपुर डेमू पैसेंजर दुर्ग में समाप्त कर दुर्ग- रायपुर के मध्य,ट्रेन 08815 रायपुर-अंतागढ़ डेमू पैसेंजर को दुर्ग से रवाना की जाएगी। इसे दुर्ग के मध्य, ट्रेन 08278 रायपुर टिटलागढ़ पेसेजंर आरंग महानदी से शुरु होगी। रायपुर आरंग महानदी के मध्य, ट्रेन 08705 रायपुर डोंगरगढ़ पैसेंजर 28-29 दिसंबर को दुर्ग में समाप्त होगी। रायपुर दुर्ग के मध्य रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 08527 रायपुर विशाखापट्टनम पैसेंजर दिनांक 29 दिसंबर को महासमुंद से रवाना की जाएगी। यह ट्रेन रायपुर महासमुंद के मध्य रद्द रहेगी।

खबर संक्षेप

## जामुल में मनाया सुशासन दिवस



**जामुल।** अटल बिहारी बाजपेयी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारत देश के 10वें प्रधानमंत्री रहे। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई ने 1 नवम्बर 2000 को अविभाजित मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ को अलग कर स्वतंत्र राज्य का दर्जा दिलवाये। श्री बाजपेयी के 100वीं जयंती पर जामुल नगर पालिका के वार्ड-3 बुथ नं 151 में भिलाई जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं सदस्यता पूर्व नगर पालिका जामुल अध्यक्ष रेखराम बंछोर के विशेष उपस्थिति में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बुथ अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू , नूतन वर्मा , भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव , जगदीश देवांगन , प्रहलाद जंघेल, संतोष ठाकुर , पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू , बीआर रामटेके, ऋषभ बंछोर , नारायण गौतम प्रशांत कश्यप पंचूराम सेन, कमल पाण्डेय, पिंटू गौतम, राकेश वर्मा आदि ने बाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना की।

## लेखा प्रशिक्षण प्राप्त करने आवेदन 31 तक

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च 2025 से जून 2025 के लिये 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 के मध्य की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेंगें। शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर द्वारा प्रेषित निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय संचालक कोष एवं लेखा के दिशा निर्देश के अनुसार 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला नगर घड़ी चौक रायपुर को 31 जनवरी 2025 तक कार्यालयीन समय में जमा करने कहा गया है। (लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर) इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। विज्ञप्ति के साथ संलग्न मानक आवेदन पत्र पर ही स्वीकार किये जायेंगें। आवेदन जिस सत्र के प्रशिक्षण हेतु किया गया है, उस सत्र के लिये ही मान्य होगा। पूर्व प्रचलित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## गंदगी फैलाने वाले व्यापारियों से वसूला जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 01 अंतर्गत सिंगलयूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने एवं खरीदने को रोकने पर कार्यवाही लगातार जारी है। वार्ड क्रं. 02 स्मृति नगर में विभिन्न व्यवसासियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने एवं गीला एवं सूखा कचरा पृथक कर नहीं देने वाले व्यापारियो पर चालानी कार्यवाही की गई। प्रमुख रूप से हैप्पी फास्ट फूड सेंटर 500, नैवदयम द बैसिक इंडियन फास्ट फूड 1100, तिरूमाल ब्रेरक फास्ट सेंटर 500, यू टेस्ट डब सेंटर 2000, महालक्ष्मी टी स्टाल 200, आर एस सैलून 1000, गौरव सेनेटरी एवं हार्डवेयर 700, वेदांश इंटरप्राईजेस 1000, स्कीजेर युनिसेक्स सैलून 1000, द स्ट्राईलैंड ब्यूटी पार्लर 1000 एवं गुड फूड सेंटर 500 रूपये की चालानी कार्यवाही की।

# मेयर पद का आरक्षण टलकर 7 जनवरी, चुनाव को लेकर संशय बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम चुनाव के लेकर आगामी 27 दिसंबर को होने वाले आरक्षण की तिथि को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा टालकर नई तारीख का ऐलान किया गया है। जिसके तहत अब आरक्षण सात जनवरी को होगी। देर शाम आदेश के आने के बाद एक बार फिर चुनाव को लेकर संशय की स्थिति हो गई हैं।

इस फरमान के बाद राजनीतिक दलों की चिंता बढ गई है। इन दिनों नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी पूरे जोर लगाए हुए हैं। शहर के विभिन्न वार्डों में भूमिपूजन से लेकर लोकार्पण के कार्य चल रहे है। इस बीच आरक्षण की तिथि बदलने से नेताओं की भी धडकने तेज हो गई है। नेताओं को इस बात की चिंता है कि, कई उनके द्वारा चुनाव के लिए की जा रही तैयारी धरी की धरी न रह जाए।

चर्चा इस बात की भी थी कि, आगामी तीस दिसंबर तक आचार संहिता लग जाएगा। इसी के तहत प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही थी। लेकिन देर शाम महापौर व अध्यक्षों के आरक्षण तिथि को आगे बढा दिए जाने से ठंड में राजनीतिक गर्मी चढ गई हैं।

## निकाय चुनाव का आरक्षण टला, पंचायत का आरक्षण 28-29 को तय

### रायपुर में होगी आरक्षण की प्रक्रिया

अलग खबर

नगर पालिक निगम वर्ष 2024-25 में होने वाले प्रदेश के नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु छत्तीसगढ़ नगर पालिका महापौर के पद का आरक्षण नियम 1999 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर पालिक निगमों के महापौर तथा नगर पालिका परिषद् एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों के पदों का आरक्षण 27 दिसंबर 2024 पूर्वान्ह प्रातः 10:30 बजे से पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साईंस कॉलेज परिसर रायपुर में होना था, जिसकी तिथि अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर उक्त कार्यवाही 7 जनवरी 2025 को पूर्व नियत स्थल एवं समय पर सम्पादित की जाएगी।




### पंचायत चुनाव के लिए 28 और 29 तय

निकाय चुनाव के आरक्षण के बाद पंचायत चुनाव को लेकर भी चर्चा गर्म हैं। पंचायत चुनाव को लेकर आयोग द्वारा 28 और 29 दिसंबरक को तिथि तय की गई हैं। लेकिन इसी दिन मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दुर्ग आ रहे हैं। जबकि इसी दिन आरक्षण भी तय है। ऐसे में पंचायत के आरक्षण को लेकर भी चर्चाओं का दौर गर्म है। हांलाकि आगामी दिनों निर्वाचन आयोग के निर्णय का इंतजार किया जा रहा हैं। कुल मिलाकर आरक्षण की तिथि लगातार टालने से प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि डिस्टर्ब हो रहे हैं।

## कलेक्टर और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

# केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान आएंगे दुर्ग, ठंड में बढ़ेगा राजनीतिक पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संभावित निकाय और पंचायत चुनाव के पहले केन्द्रिय कृषि मंत्री और मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज चौहान आगामी 29 दिसंबर को दुर्ग आएंगे। उनके आने से पहले जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। गुरूवार को शाम चार बजे तैयारियों को लेकर कलेक्टर की अगुवाई में मैराथन बैठक ली गई। इस दौरान कार्यक्रम को रणनीतिक तैयार की गई हैं।

उल्लेखनीय है कि, आगामी दिनों नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव होना है। इसके पहले केन्द्रिय मंत्री के बहाने राजनीतिक पार्टियां जमीन तराशने में जूट गए हैं। सत्ता पक्ष द्वारा चुनाव के पहले अपने पक्ष में माहौल तैयार करने जूट गए है। इधर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने गुरूवार को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल जेआरडी झाडूराम देवांगन स्कूल मैदान का मौका मुआयना किया। इस दौरान कार्यक्रम में डोम निर्माण, बैठक व्यवस्था, विभागीय प्रदर्शनी स्टॉल, वाहन पार्किंग स्थल, हैलीपेड स्थल आदि के संबंध में समुचित प्रबंध के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर कर लेने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर एडीएम अरविन्द एक्का, एएसपी सुखनंदन राठौर और अभिषेक झा सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### तैयारियों को लेकर भाजपा संगठन भी तैयारियों में जुटा



### मुख्यमंत्री साय सहित शामिल होंगे मंत्रिमंडल

आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रिय कृषि मंत्री के उपस्थिति पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित दोनो उप मुख्यमंत्री और मंत्रीमंडल के सभी सदस्य शामिल होगें। प्रदेश में ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु उत्कृष्ट पहल को साझा किये जाने तथा हितग्राहियों से संवाद हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में शासकीय विभाग के अधिकारीगण तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी व आम जनता उपस्थित रहेंगे।

### जिला भाजपा में तैयारी को लेकर बैठक आज

केन्द्रिय कृषि मंत्री के यहां आने की सूचना मिलने के बाद जिला भाजपा कार्यालय द्वारा शुक्रवार को दोपहर बाद बैठक बुलाई गई हैं। इस बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी। वही पदाधिकारियों को कार्यक्रम के लिए जिम्मेदारी दी जाएगी। केन्द्रिय मंत्री के यहां आने से पहले राजनीतिक गलियारों में गर्मी बढ गई हैं, वही भाजपा संगठन तैयारियों को लेकर कोई कसर नही छोडना चाह रही है। यही कारण हैं कि, प्रशासन ओर पार्टी के नेता तैयारियों में जूट गए है।

न्यायालय का फैसला

# अनाचार पीड़िता को कोर्ट में मिला न्याय, आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अनाचार पीड़िता एक महिला को कोर्ट की पहल पर न्याय मिला है। पीड़ति द्वारा पहले घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। लेकिन मामले पर पुलिस ने ध्यान नहीं दिया। फलस्वरुप पीड़िता महिला द्वारा कोर्ट की शरण ली गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग ने प्रस्तुत परिवाद को संज्ञान में लेकर आरोपी जनार्दन राव पिता एबी राव एकता चौक कैलाश नगर जामुल निवासी के खिलाफ जामुल पुलिस थाना प्रभारी को अनाचार के मामले के तहत जुर्म दर्ज कर 15 दिनों के भीतर कोर्ट को सूचित करने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध पुलिस द्वारा जुर्म भी दर्ज कर लिया गया है। पीड़ति की ओर से कोर्ट में यह परिवाद अधिवक्ता वैभव मुदगल द्वारा प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण के संबंध में अधिवक्ता वैभव मुदगल ने बताया कि आरोपी जर्नादन राव पिता एबी राव कैलाश नगर जामुल भिलाई निवासी प्राइवेट कम्पनी में कार्यरत है। उसकी जीवन साथी डॉटकॉम के माध्यम से पीड़ति के साथ वर्ष 2021-22 में जान-पहचान हुई थी। उसके पश्चात आरोपी द्वारा पीड़ति के सामने विवाह का प्रस्ताव रखकर अपने घर वालों से चर्चा कर लेने के पश्चात विवाह का निर्णय लेने की बात कही गई। पीड़ति पर दबाव बनाकर जयपुर राजस्थान साथ चलकर वहाँ विवाह करने के बाद भिलाई वापस आने की बात भी कही गई। जिस पर पीड़ता आरोपी के प्रलोभन में आ गई और 17 नवंबर 2022 को राजस्थान के जयपुर जाकर किराये के मकान में रहकर आरोपी ने पीड़ति की इच्छा के विरूद्ध जबरदस्ती अनाचार किया और बेहोशी की दवा देकर बेहोशी की हालत में पीड़ति के अश्लील फोटोग्राफ्स लेकर यह धमकी देने लगा कि वह उसके अश्लील फोटो वायरल कर देगा। पीड़िता के माता-पिता द्वारा उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट जामुल पुलिस थाना में दर्ज कराई गई थी। जिसके पश्चात पीड़ति का कथन लिया गया। पीड़ति को फोटो वायरल की धमकी देकर आरोपी द्वारा उसे पुणे ले जाकर होटल के कमरे में बंद कर दिया गया। किसी तरह पीड़ति होटल के कमरे से बाहर निकलकर पुणे पुलिस तक पहुंची और सहायता मांगी। उसके बाद पीड़ति अपने परिजन की मदद से 7 मई 2024 को भिलाई स्थित अपने निवास पहुंची।

### पुलिस अधीक्षक से भी हुई थी शिकायत

पीड़िता द्वारा अपने साथ हुए अनाचार की घटना की पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस से पीड़ति को सहयोग नहीं मिला। जिसके चलते पीड़ति ने अपने अधिवक्ता वैभव मुदगल के माध्यम से दुर्ग न्यायालय में धारा 175 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का परिवाद प्रस्तुत किया। पीड़ति के अधिवक्ता वैभव मुदगल ने बताया कि पीड़ति की ओर से प्रस्तुत परिवाद को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग ने संज्ञान में लेकर जामुल पुलिस थाना प्रभारी को आरोपी जर्नादन राव के विरूद्ध अनाचार का मामला दर्ज कर 15 दिनों के भीतर कोर्ट को सूचित करने का आदेश दिया है।

## मरार पटेल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 29 को

**भिलाई।** कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ का प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान सह कैरियर गाइडेंस समारोह 29 दिसंबर को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रावीण्यता प्राप्त विद्यार्थियों को तथा समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मोटिवेशनल वक्ताओं द्वारा कैरियर गाइडेंस दिया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल, अतिविशिष्ट अतिथि गौ सेवा आयोग छग अध्यक विशेषर पटेल, विशिष्ट अतिथि मरार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बरत राम पटेल, संयोजक राजेन्द्र नायक पटेल, महासचिव प्रेमलाल पटेल, कोषाध्यक्ष गीताराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष आत्मनारायण पटेल, सुनील पटेल, सुरेन्द्र पटेल, कविता पटेल होंगे। अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पटेल करेंगे। मोटिवेशनल स्पीकर जागेश्वर कौशल संयुक्त कलेक्टर, गौतमचंद पाटिल डिप्टी कलेक्टर,राजेंद्र कुमार पटेल संयुक्त संचालक (वित्त), कौशलेन्द्र पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, हरीश पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक, राजू पटेल तहसीलदार, केजा राम पटेल नायब तहसीलदार, डॉ. चंद्रकात पटेल, डॉ. वर्षा पटेल, डॉ. आरके तलवरे और मुरली मनोहर देवांगन डायरेक्टर कोचिंग संस्थान द्वारा कैरियर गाइडेंस दिया जायेगा।

# कांग्रेस पार्टी राजीव भवन से करेगी चुनाव की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




■ निगम चुनाव के लिए कांग्रेस कंट्रोल रूम स्थापित

आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने हरकत शुरू कर दी है। गुरूवार को राजीव भवन में संगठन की बैठक बुलाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विधानसभा और लोकसभा में कार्य कर चुके लोगों का आंकलन कर टिकट वितरण किए जाने की मांग की, वहीं सभी साठ वार्ड के लिए सह प्रभारी भी नियुक्त किए गए है। नगर निगम चुनाव 2024 के संदर्भ में कंट्रोल कांग्रेस भवन में बनाया गया। जिसकी प्रथम बैठक राजीव भवन में पूर्व विधायक अरुण वोरा की आथित्य व जिला अध्यक्ष गया पटेल की अध्यक्षता में मुख्य कन्ट्रोल रूम प्रभारी परमजीत भुई ने की बैठक के पूर्व, पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर मौन श्रद्धांजलि देखकर उन्हें याद किया गया। उनके द्वारा किए गए योगदान का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तत्पश्चात बैठक कंट्रोल रूम प्रभारी परमजीत भुई ने सभी से सुझाव आमंत्रित किया सर्वप्रथम बैठक में सुझाव स्वरूप यह बात आएगी वार्ड शिफ्टिंग नहीं की जाए कार्यकर्ताओं की निष्ठा वार्ड में उनके द्वारा किए गए जनसंपर्क एवं विधानसभा लोकसभा में किए गए कार्यों का आकलन कर टिकट वितरण करने की मांग की गई। टिकट क्योंकि जो भी व्यक्ति वार्ड में मेहनत करता है पूरी निष्ठा के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करता है उसका अधिकार पहल है और यह चुनाव कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का चुनाव है। आवेदन वरिष्ठ कांग्रेस नेता के पास जमा कर सकते हैं उनके द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष को प्रेषित किया जाए ब्लॉक अध्यक्ष के माध्यम से जिला कांग्रेस कमेटी को प्रेषित की जाएगी फिर वहां से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित किया जाए पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चुनाव घोषणा पत्र बन जाएगा वैसे ही नगर निगम हेतु भी घोषणा पत्र बनाया जाए ताकि आम जनता को यह पता लग सके कि पिछले एक वर्षों में भारतीय जनता पार्टी ने केवल कांग्रेस के शासनकाल में किए गए कार्यों का फीता काटा है 1 साल से कोई भी कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नहीं किया।प्रत्येक प्रत्याशी को यह दिशा निर्देशित किया गया है कि आरक्षण के अनुरूप ही अपने आवेदन पत्र तैयार करें अपने संपूर्ण विवरण उस आवेदन पत्र में देवे एवं स्वयं हस्ताक्षर कर उसे प्रमाणित करें।

## सुशासन दिवस पर भजनों की प्रस्तुति ने बांधी समां

**दुर्ग।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल विहारी बाजपेयी की 100वीं जयंती को भाजपाईयों ने सुशासन दिवस के रुप में मनाया। इस अवसर पर अग्रसेन चौक में काव्यांजलि एवं भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने स्व. अटल जी को सहज, सरल, कवि हृदय बताते हुए अपनी श्रद्धांजिल अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होने कहा कि अपने विरोधियों का भी अपने वाक्पटुता से दिल जीतने वाले अटल जी अजातशत्रु थे। भजन संध्या में राजनांदगांव के भजन गायक अभिजीत जोशी एवं उनकी टीम ने अपने भजनों से लोगों का दिल जीत लिया। दुर्ग के गौरव बजाज एवं अबीर गोयल ने भी भजनों की प्रस्तुति से लोगो को मंत्रमुग्ध किया। भजनों की धुन में श्रोता नाचते-गाते रहे। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने भी भजन की प्रस्तुति दी। उन्होने सुख के सब साथी, दुःख में ना कोय भजन गाकर सबको भावविभोर कर दिया। यह आयोजन भाजपा नेता मनीष सिंह भंडारी के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन,राजेन्द्र पाध्ये, अलका बाघमार, मनमोहन शर्मा, शिवेन्द्र परिहार, अजय तिवारी, मदन वढ़ई, रजनीश श्रीवास्तव, संतोष सोनी,अरुण सिंह, नरेश शर्मा, दिव्या कलिहारी, महेन्द्र चोपड़ा, जयश्री राजपूत, संदीप भाटिया,नितेश साहू, अमर भोई,कमल सोनी, शिबू शुक्ला, मनीष शर्मा, भरत देवांगन, सोनू हजारे, गिरीश नेमा, विनय गुप्ता, रामू राठी, देवेश पुरोहित, तरुण वेगड़, अनिल लोनारकर, संजय केशवानी, नयन महाजन आदि मौजूद थे।





## माताओं को सशक्त बनाने हमारी सरकार प्रतिबध्द-विधायक यादव

# विष्णु के सुशासन में मातृशक्ति को मिल रहा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विधानसभावार महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (शहर) में मानस भवन दुर्ग में सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र विधायक गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना माताओं एवं बहनों को सशक्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एक परिवार में माता की विशेष भूमिका होती है। माताएं पैसों का महत्व समझती है लेकिन कई बार उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता नहीं मिल पाती है। छोटी-छोटी जरूरत के लिए उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता है, ऐसे में महतारी वंदन योजना से मिली राशि माताओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करती है। महिलाओं की छोटी-मोटी जरूरत को पूरा करने घर की व्यवस्था को सुधारने में यह योजना एक बड़ी भागीदारी निभाती है।



### कार्यक्रम में युवोदय ने किया जागरूक

दुर्ग के दूत स्वयं सेवकों द्वारा बाल विवाह रोकथाम के संबंध में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह कुप्रथा को रोकने एवं इससे समाज पर पड़ने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह रोकथाम संकल्प शपथ भी दिलाई गई। इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति द्वारा ई.सी.सी.ई. की गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

### महिलाओं के बीच खेल प्रतियोगिता

साथ ही महिलाओं द्वारा कुर्सी दौड़, रस्साकसी, मटकी फोड़ जैसे अनेक प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार वितरित किए गए। आं.बा. के बच्चों को प्रतियोगिता पुरस्कार वितरित किया गया। सम्मेलन में महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं को सम्मानित किया गया। विधायक ने गर्भवती माताओं को सुपोषण किट देकर होने वाले शिशु के लिए शुभकामनाएं दी गई। साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### अछोटी में गुरु घासीदास जयंती कल

**अंडा।** ग्राम अछोटी में 28 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्यतिथि पूर्व गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, विशेष अतिथि बिरेंद्र दिल्लीवार वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति कुथरेल एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता शिवनारायण दिल्लीवार, गांव के सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, उप सरपंच युवराज निर्मलकर आदि उपस्थित रहेंगे।

### पोषण बने धमधा सेन समाज के अध्यक्ष

**भिलाई।** धमधा ब्लॉक सेन समाज का अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए त्रिवर्षीय निर्वाचन 21 दिसंबर को कराया गया। जिसमें बोरी निवासी पोषण सेन को सर्वसम्मति से ब्लॉक



अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष मानु, छोटे लाल सेन धमधा, सचिव पद पर डॉ. जीवन सेन नवागांव, कोषाध्यक्ष दिलीप सेन धमधा, सहसचिव शशिकांत सेन नंदनी नगर को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष भीखम सेन के दिशानिर्देश में चुनाव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी बालेश्वर सेन, संतोष सेन, अनिल सेन, विजय सेन, अमित सेन, मंथिर सेन, चंदू सेन उपस्थिति थे। चुनाव अधिकारी के रूप में नरेश श्रीवास, महेन्द्र सेन, रंजीत उमरे ने निर्विवाद चुनाव संपन्न कराया।
इस अवसर पर धमधा ब्लॉक के सभी इकाई परिक्षेत्र और ग्रामीण अंचल के स्वजातीयगण शामिल होकर चुनाव में भाग लिये।

## निधन

### वाय अन्नपूर्णा

**भिलाई।** बीएसपी के पूर्व कर्मी वाय रामलु की धर्मपत्नी व नगर पालिका निगम भिलाई के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू



की माता वाय अन्नपूर्णा उम्र 75 वर्ष का निधन गुरुवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 दिसंबर को दोपहर 12 बजे निवास क्वार्टर नंबर 10 डी, सड़क 18, सेक्टर 7 से निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया जाएगा। वे अपने पीछे पति वाय रामलु, तीन पुत्रों में लक्ष्मीपति राजू, वाय भास्कर, वाय मुरली सहित बहू, नाती, पोतों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

### अर्चना शेगेकर

**भिलाई।** एमआईजी -2, 490 हुडको निवासी अर्चना शेगेकर का



निधन 26 दिसंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 दिसंबर को सुबह 10 बजे निवास स्थान से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे दीनानाथ (दिनेश) शेगेकर की पत्नी एवं अर्चना, चक्षु की मां एवं तबला वादक भालचंद्र शेगेकर की भाभी थीं।

## पूर्व पीएम अटल बिहारी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

# अटल ने सुशासन के 'अटल इरादों' के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का किया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

नव गठित भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल स्तरीय सुशासन दिवस अटल चौक जामगांव आर में मनाया गया। भाजपा के स्थापना काल दशक से भाजपा सदस्य पूर्व विधायक डॉ. दयाराम साहू, पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू, नगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर व्यवस्थापक आसकरण जैन सहित नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू, शासकीय कॉलेज भागीदारी समिति अध्यक्ष नरेश केला, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, युवा भाजपा नेता पूर्णेंद्र सिन्हा आदि मंचासिन रहे। नव गठित भाजपा जामगांव आर मंडल के नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू का स्वागत किया गया और सक्रियता के साथ वरिष्ठ कनिष्ठ को ससम्मान साथ लेकर सुशासन

**अटल चौक जामगांव आर में मना सुशासन दिवस**



पथ पर आगे बढ़ने का मार्गदर्शन भी वरिष्ठजनों ने दिए। पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को सुशासन का पाठ पढ़ाए और देश को सुशासन से चला कर दिखाए। वहीं नव गठित जामगांव आर भाजपा मंडल के नव नियुक्त अध्यक्ष कमलेश साहू ने कहा कि अटल इरादों के धनी अटल ने अटल विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ बनाकर सुशासन का सपना संजोए जिसे पहले डॉ रमनसिंह की सरकार ने 15 साल तक और अब विष्णु देव साय सरकार ने प्रदेश को सुशासन दिया है। वहीं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि भाजपा सुशासन पर विश्वास करती है पूर्व मंडल अध्यक्ष धनराज साहू ने कहा कि भाजपा संगठन में युवाओं को भरपूर मौका मिला प्रतिभा का प्रदर्शन कर पार्टी को ऊंचाई दे जनहित में कार्यों में जुट जाए।

### बेलहारी में मनाया सुशासन दिवस

**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत बेल्हारी के अटल चौक में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अटल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें आदरांजलि दी गई। इस दौरान सरपंच जितेश्वरी महमल्ला, भाजपा बुथ अध्यक्ष रामसिंह बंसोड़, नवागांव बुथ अध्यक्ष महेश साहू, भेंन चन्द्राकर, संतोषी साहू, सीमा धनकर, रुक्मिणी रिगरी, तनुजा प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।



### कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 15 में बनेगा अटल परिसर

**कुम्हारी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती को प्रदेशभर में अटल सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कुम्हारी नगर पालिका परिषद



द्वारा अटल सुशासन समारोह का आयोजन वार्ड क्रमांक 15 स्थित दुर्गा मंच हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में किया गया। कार्यक्रम में 30 लाख की लागत से अटल परिसर निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्य का भूमिपूजन वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया। बता दें कि प्रदेश भर के नगरीय निकायों में 187 अटल परिसर का निर्माण किये जाएंगे जिसका भूमिपूजन बुधवार को मुख्यमंत्री साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से सलिया टोली स्टेडियम कुनकुरी जिला जशपुर से किया गया। इस वर्चुअल कार्यक्रम के अवसर पर कुम्हारी नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, पार्षद रागिनी निषाद, रामाधार शर्मा, विनोद बंजारे, ओंकार मार्कण्डे, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, मिथलेश यादव, अवधेश शुक्ला राजू निषाद, रामकुमार सोनी, पीएन दुबे, गोल्डी गोस्वामी, मनोज वर्मा, आशीष शुक्ला, राजकुमार सिंह, वीरू सिंह, आलोक दुबे, सुजीत यादव, फिंगेश्वर साहू, प्रणव श्रीवास्तव, उमाकांत साहू, रीता पाण्डेय, तृप्ति चंद्राकर, कोमल दुबे, सहित कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, अभियंता प्रकाश थवानी एवं छाया साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता नगरवासी एवं पालिका अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### सुशासन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ईश्वर


**धमधा।** धमधा नगर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किया



गया। इस अवसर पर साजा के विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि अगर अटल बिहारी वाजपेयी हमे छत्तीसगढ़ राज्य नही देते तो आज हम इस मुकाम पर कभी नही पहुँच पाते। उन्होंने अटल को नमन करते हुए उनकी कार्य का बखान करते हुए कहा कि रोड का जो जाल बिछाया गया है ओ अटल की देन है। पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने कहा कि अटल जैसे नेता कोई नेता नही हो सकते। उन्होंने जो कार्य गठबंधन सरकार होने के बाद भी किया है हमेशा याद किया जाएगा। धमधा भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र भट्ट ने कहा कि अटल केवल नाम के लिए राजनीति नही करते थे उनका सोच था कि हर ब्यक्ति का विकास हो। इस अवसर पर वरिष्ट भाजपा नेता मलिक मोहम्मद कुरैशी ने देश भक्ति गीत गाकर अटल एवम अब्दुल कलाम जैसे नेता का बखान किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश चन्द्र साहू, रोहित ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव, बुधराम यादव, इंद्रसेन यादव, मन्ना महोबिया, सुनील गुप्ता, बृजेन्द्र दानी, राजेन्द्र ताम्रकार, अशोक यादव, पार्षद आरुणी दानी, चेतन सोनकर, मूलचंद शर्मा, श्वेता शर्मा, प्रीतम यादव, तुषार राजपूत, मनोज साहू, भूषण मार्कण्डेय, राजकुमार वर्मा, नंदी साहू, भगत वर्मा, दीपक राजपूत, उज्ज्वल ताम्रकार, जितेंद्र साहू, गिरधारी साहू, संतोष सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्रोता बनकर कथा सुनते-सुनते महराज के आशीर्वाद से कथा वाचक बन गईः मंदाकिनी

**सेलूद।** माँ मंदाकिनी श्री राम किंकर के द्वारा ग्राम पाहंदा में श्री राम कथा महोत्सव को लेकर प्रेस वार्ता लिया गया। जिसमें मंदाकिनी राम किंकर ने राम कथा आयोजन के संबंध में बताया कि गांव-गांव में कथा आयोजन कराकर राम के त्याग जैसे संस्कार कराने कार्य कर रहे हैं जिसमें युवा वर्ग को अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक कार्य में जुड़ने की जरुरत है। राम ने अपने जीवन में त्याग ही किया है। समाज के अंतिम व्यक्ति के कहने पर भी श्री राम ने अपना धर्म निभाया है भगवान राम ने कठोर व्यवहार करने वाले को भी माफ कर दिया। मनुष्य के जीवन में यह प्रश्न आना चाहिए कि हमें मानव जन्म क्यों दिया गया है। गाँव से सुधार कार्य की शुरुआत बहुत जरुरी है। पारिवारिक और नैतिक मुल्य समाप्त हो रहा है छत्तीसगढ के लोगों को अयोध्या में विशेष सम्मान मिलता है ।अभी भी हम धार्मिक चीजो की ओर लौट सकते हैं। मनुष्य में मनुष्यता कैसे आये यह प्रयास करना बहुत आवश्यक है। इस अवसर पर नंदलाल साहू, चेतन देवांगन, विश्वकर्मा पाल, मानसिंग पटेल, पीलाराम शर्मा आदि उपस्थित थे।



■ ग्राम पाहंदा में 27, 28 व 29 को रामकथा महोत्सव का आयोजन

## शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज एवं समस्त ग्रामवासी खोला के तत्वाधान में शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस एवं भव्य मंडई मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग थे। अध्यक्षता संतलाल कोड़प्पा अध्यक्ष तहसील ध्रुव गोड़ आदिवासी समाज ने किया। विशेष अतिथि धनाजी राम ध्रुव, रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री जिला कांग्रेस, रामसुमेर कतलम, उमाशंकर नेताम, बिमला बालाराम कोसरे सभापति जप, रेवती साहू सरपंच, खुमान सिंह जांगड़े उपसरपंच, राजकुमार ठाकुर सरपंच उपस्थित थे।

इस दौरान कलश यात्रा, गौरी गौरा शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से बाजे गाजे से ग्राम भ्रमण किए। वहीं रात्रिकालीन महतारी के आंसू नाच पार्टी संसारगढ़(मानपुर)की भव्य प्रस्तुति का आनंद लोगों ने लिया। जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान छत्तीसगढ़ स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने ब्रिटिशों से लड़ाई हमारे स्मिता, स्वाभिमान के लिए लड़ी। जिला महामंत्री रूपेंद्र शुक्ला ने आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज मेहनत, लगन, ईमानदारी से काम करने वाला समाज है। तहसील अध्यक्ष संतलाल कोड़प्पा ने पूरे पाटन ब्लॉक में खोला की शहीद वीरनारायण सिंह मूर्ति को अव्वल बताया। वहीं 12 जनवरी को जिला स्तर में बलिदान दिवस में शामिल होने की अपील लोगों से की। इस अवसर पर रवि ठाकुर, राजेंद्र कोर्राम, मिथलेश कतलम, टिकेश ओटी, शीतल कोठारी, बालाराम कोसरे, ख़ोमू ठाकुर, जगदीश ठाकुर, डॉ. छबिराम बारले, गोकुल बारले, नाथूराम बारले, दीनू ओटी, सोनसाय साहू, मोतीलाल ठाकुर, नंदू ओटी, चंद्रिका चंद्राकर, देवश्री कोर्राम, नीरा ओटी, लतेल ओटी, डोमेंद्र नेताम, हरीश ठाकुर आदि उपस्थित थे।



■ शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान छत्तीसगढ़ स्वाभिमान का प्रतीक है: अशोक




## हरिनाम संकीर्तन भजन में श्री राम व शिव-पार्वती कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चीचा (अर्जुन्दा) में बाजार चौक के पास हरिनाम संकीर्तन भजन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुरुवार को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक कामता प्रसाद शरण छत्तीसगढ़ी भाषा में काफी आकर्षक ढंग से भगवान श्री राम के जीवन चरित को प्रस्तुत किया तो चारों तरफ जय जय श्रीराम के जयकारे गुंजने लगे। कामता प्रसाद लगातार चार घंटे तक भगवान श्रीराम के साथ साथ शिव-पार्वती विवाह व अनेक कथा को काफी मनमोहक और सरल ढंग से प्रस्तुत किया ।



■ आज होगा कथा का समापन

कथावाचक कामता प्रसाद शरण ने कहा कि छत्तीसगढ की पवित्र धरती माता कौशिल्या का जन्मस्थल है और भगवान श्री राम के ननिहाल है इसलिए छत्तीसगढ़ में भांचा को बहुत सम्मान दिया जाता है। साथ ही उन्होने बताया कि भगवान श्री राम वनवास के समय 12 वर्ष छत्तीसगढ़ में व्यतीत किया है और उनके आशिर्वाद से आज छत्तीसगढ राज्य ही एक ऐसा प्रदेश है जिसे छत्तीसगढ महतारी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि 22 वर्षों से लगातार वे छत्तीसगढ़ सहित ओडिसा, महाराष्ट्र व देश के विभिन्न राज्यों में पहुंचकर भगवान श्रीराम की कथा करने का उन्हे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। श्री कामता प्रसाद ने क्षेत्र के पैरी उदगम भाठीगढ को बहुत पवित्र स्थल के साथ धार्मिक आस्था केन्द्र का बताते हुए कहा कि माता पार्वती के आगमन के बाद इस पहाडी से पैरी नदी का उदगम हुआ है जिससे आज पूरे प्रदेश में चारों तरफ खुशहाली देखने को मिल रहा है। अन्य क्षेत्रों में भले सूखा पड जाये लेकिन मां पैरी का आशीर्वाद से इस क्षेत्र में कभी अकाल नही पडा, उन्होंने सभी लोगों से कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन से गांव के साथ-साथ पूरे प्रदेश में सुख-शांति, समृध्दि खुशहाली बनी रहती है । कथा समय सुबह 10 से 12.30 बजे और दोपहर 3 से 5.30 बजे तक रहेगा। आज कथा का समापन होगा। ज्ञात हो कि पिछले साल भी राजेश सिन्हा के द्वारा ग्राम चीचा अर्जुन्दा में कामता प्रसाद शरण का भागवत का कार्यक्रम कराया जा रहा है।




## अंचल की खबरें

### गृहमंत्री के माफी और निष्कासन की मांग




**कुम्हारी।** भारतीय संविधान के शिल्पी डॉ. बीआर अम्बेडकर पर सदन में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अपमानजनक टिप्पणी किए जाने पर अंबेडकर अनुयायियों में तीव्र आक्रोश है। कुम्हारी के अंबेडकरवादी और बौद्ध समाज ने कलेक्टर दुर्ग को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल निष्कासित किए जाने की मांग की है। भारतीय बौद्ध महासभा कुम्हारी की अध्यक्ष उपासिका प्रेमलता डोंगरे ने कहा कि मांग पूरी न होने पर सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। बौद्ध समाज कुम्हारी ने दुर्ग में धरना स्थल पर प्रदर्शन किया, जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।

### पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरीः रमशिला

**अंडा।** संकुल केन्द्र-गब्दी का संकुल उत्सव कार्यक्रम ग्राम-देवगहन शाला प्रांगण में सम्पन्न हुआ। जिसमें बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत



दी गई। साथ ही पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह भी किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमशिला साहू पूर्व केबिनेट मंत्री छग शासन, अध्यक्षता डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक, गुण्डरदेही विधानसभा, विशेष अतिथि अनिल सोनी सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही, सरपंच बीरम बाई साहू, पूर्व सरपंच लोकेन्द्र साहू, सरपंच प्रतिनिधि भोला राम साहू, लाभूराम निषाद (वरिष्ठ नागरिक देवगहन) , चिमन सिन्हा सहित संकुल केन्द्र के सभी स्टाफगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू ने कहा कि विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक स्तर में सुधार को लेकर स्कूल स्टॉफ द्वारा किए जाने वाले प्रयासों की सराहना की। कहा एक शिक्षक के मेहनत का फल तभी सार्थक होता है जब उनके पढाये छात्र अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं। पढ़ाई-लिखाई के साथ साथ खेल कूद भी जरूरी हैं। पूर्व विधायक गुण्डरदेही डा दयाराम साहू ने कहा स्कूल ऐसा माध्यम होता है जहां बच्चों को शिक्षा के साथ खेल व सांस्कृतिक सहित अन्य कौशलों का विकास होता है। सभी विद्यार्थियों को जो खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपना भागीदारी निभाई उन सभी का पुरस्कार देकर सम्मान किया गया।

### लोधी समाज के लिए दान में दिया जमीन



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला के धारा सलोनी गांव में रहने वाले लखन जंघेल ने समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण पेश की है। उन्होंने धारा एवं सलोनी के मध्य लोधी समाज के लिए 11 डिसमिल जमीन दान में दी है। उन्होंने यह घोषणा हरियाणा के करनाल शहर में आयोजित लोधीसमाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में की है। इसके बाद समाज के लोगों ने उनका ताली बजाकर सम्मान किया। साथ ही साथ राष्ट्रीय अधिवेशन में मौजूद समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा विधायक उत्तर प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष दशमत जंघेल, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर ने भी उनका उत्साह बढ़ाया और सम्मान किया। बता दे की राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला में काफी सराहनीय कार्य हो रहा है और यही कारण है कि समाज के कार्यों से प्रेरणा लेते हुए आज डोंगरगढ़ सर्किल में रहने वाले धारा सलोनी गांव निवासी लखन जंघेल ने अपना जमीन समाज के उपयोग के लिए दान में देने की घोषणा की है। इस अनुकरणीय प्रयास के लिए छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर ने कहा कि निश्चित रूप से यह कार्य समाज के लिए काफी प्रेरणादाई है और समाज को आगे बढ़ाने में समाज के ऐसे ही दानवीर लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है। इससे आगामी पीढ़ी को भी एक अच्छा संदेश जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से इस अधिवेशन में शामिल होने पहुंचे सभी सामाजिक जन मौजूद थे।

### जामगांव आर कालेज में मनाया राष्ट्रीय गणित दिवस




**जामगांव आर।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति शहिद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर, दुर्ग के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा अग्रवाल के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने छात्र-छात्राओं को गणित की गहरी समझ और इसके नवाचार से जुड़े पहलुओं को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बी.एससी. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. निकिता बांधे ने 'शून्य की उत्पत्ति और उसके विभिन्न देशों में उपयोग' पर अपनी प्रस्तुति दी। वहीं, बीएससी द्वितीय वर्ष की ही छात्रा सोमलता ने गणित के क्षेत्र में दिए जाने वाले विभिन्न पुरस्कारों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में गणित विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के सहायक प्राध्यापक नीता कुंभारे, आरके तिवारी, एएस ठाकुर, डॉ. एएच खान, चेतना सोनी, डॉ. एके तिवारी, डॉ. एसके पाण्डेय, डॉ. नरेशधर दीवान, मुकेश कठौतिया, मेजराम जोशी, मनीष साहू, लता मार्कण्डेय, पीएम शर्मा, जीके देशपांडे ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में बी.एससी. गणित के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के साथ-साथ कॉमर्स, बायो, एवं कला संकाय के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### ड्राइंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**अंडा।** सेक्टर रसमड़ा के ग्राम सिलोदा की आंगनबाड़ी केंद्र सिलोदा में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन पर कार्यकर्ता ललिता राजपूत द्वारा आंगनबाडी के बच्चों के लिए ड्राइंग और रंगोली



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों के पालकों को भी आमंत्रित किया गया। पालको ने उनके बच्चों द्वारा बनाई गईं ड्राइंग पेंटिंग व मिट्टी से बनाये खिलौनो को भी देखा पालक बहुत खुश हुए। इस तरह की गतिविधि घर में भी बच्चे को कराए जिससे बच्चे मोबाइल, टीवी से दूर रहेंगे। चित्रकारी में लावण्या पटेल को प्रथम व गोरांशी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया बाकी बच्चों को गतिविधि करने पर प्रोत्साहित किया गया।

# वक्फ बोर्ड बिल संशोधन समाज उत्थान के लिए: डॉ.सलीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

छत्तीसगढ़ अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष डॉ. सलीम ने कहा है कि भिलाई दुर्ग वक्फ बोर्ड पर विवाद की स्थिति नहीं है। कांग्रेस को वक्फ बिल संशोधन का ज्ञान नहीं है। मैं मस्जिद, दरगाह, कब्रिस्तान दौरा कर व्यवस्था देखने आया हूं।

सलीम राज ने यहां प्रेस कान्फ्रेस में मस्जिद में सदर को लेकर चुनाव होने पर उन्होंने कहा कि चुनाव होने से विवाद बढ़ता है। आपसी बैठक कर सहमति से अध्यक्ष चुनाव करने कि जरूर बताया। राजनैतिक अड्डा नहीं बनना चाहिए। वक्फ बोर्ड के द्वारा जमीन पर दावा करने के सवाल पर कहा कि इसके नियम क़ानून हैं जिस का अवलोकन करना चाहिए। किसी भी प्रकरण का पूर्ण निरीक्षण किया जाता है। भिलाई दुर्ग मे विवाद कि स्थिति नहीं है। कुछ जगह जैसे गोसिया मस्जिद, कुम्हारी मस्जिद मामले को आपस मे बैठ कर सुलझा लिया जायेगा। सलीम राज ने कहा कि छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड का आदेश निकला गया है कि मस्जिद मे जो भी लेने देन हो वो बैक के माध्यम से हो। इसका 30% समाज के उथान मे शिक्षा के क्षेत्र मे होना चाहिये। कुछ लोगों द्वारा काला झंडा दिखाने के सवाल पर कहा गया कि ये कांग्रेस के भटके हुए युवा हैं, जिन्हें वक्फ बोर्ड संसोधन बिल के बारे मे जानकारी नहीं है। संसोधन बिल समाज के उत्थान के लिए आ रहा है। कांग्रेस को मकदस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बिल का विरोध करना है।

## गुस्साए मुस्लिम समाज के युवकों को पुलिस ने किया नियंत्रित




### अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष सलीम को मुस्लिम समाज के युवकों ने दिखाए काले झंडे

वक्फ बोर्ड की संपत्ति के लिए गुरुवार को भिलाई पहुंचे छग अल्प संख्यक आयोग के अध्यक्ष डा.सलीम राज को मुस्लिम समाज के लोगों ने काले झंडे दिखाकर विरोध जताया। उन्होंने वापस जाओ के नारे भी लगाए। सलीम राज वक्फ बोर्ड की संपत्ति का निरीक्षण करने दोपहर यहां पहुंचे थे। इस दौरान वे जैसे ही प्रेस कान्फ्रेंस करने के लिए सुपेला काफी हाउस के पास पहुंचे। लेकिन इसके पहले ही मुस्लिम समाज के कुछ युवक पहुंचे और उनके भिलाई आने का विरोध जताने लगे। युवकों ने काले झंडे दिखाकर सलीम राज वापस जाओ के नारे लगाने लगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया।

## खबर संक्षेप




### राजहरा माइंस महिला समाज ने बांटे 140 कंबल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस क्षेत्र के राजहरा महिला समाज द्वारा अपने आसपास के ग्राम जमरूवा एवं साल्हे के ग्रामीणों को ठंड से बचने के लिए 140 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजहरा महिला समाज की अध्यक्ष रेखा सिंग गहरवाल ने कहा है कि राजहरा महिला समाज के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा भिन्न कार्य किया जाता है। महिला समाज की उषा रामटेक, आशालता मजगहे, आरती, प्रभा सिंह, प्रतिमा सिंह, मिनौती बास्के उपस्थित थे।

### कोक ओवेन व कोल केमिकल कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाई।** कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह सीओ-सीसीडी के सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा थे। श्री बेहेरा ने वरिष्ठ प्रबंधक हेमलाल धारेंद्र को जुलाई से सितम्बर के लिए पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया तथा भूपेंद्र कुमार एवं इंजीनियरिंग असोसिएट राकेश कुमार को अक्टूबर के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कोक ओवेन एवं सीसीडी के अनुभाग प्रमुख एस रायचौधरी, झगर सिंह, एसबी पाटिल, पीग एमएस नायक, महाप्रबंधक आनंद शुक्ला, बीसी मंडल तथा पी शशिकांत उपास्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक विजय कुमार दवारा किया गया एवं अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### कार्मिकों की पत्नियों ने देखा फौलाद ढलते



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र का मानव संसाधन विभाग द्वारा प्लेट मिल विभाग के कार्मिकों के पत्नियों को बीएसपी के कार्यक्षेत्रों से रूबरू कराने आप भी जानिये" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव संसाधन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा ने की। महाप्रबंधक संजय त्रिपाठी, जे सुधाकर, सी पद्मनाभन तथा संदीप माथुर, संजय द्विवेदी, वरिष्ठ प्रबंधक एमवी वी प्रसाद उपस्थित थे। सत्यनारायण मेहर के सुरक्षा उदबोधन दिया। बाद कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया गया। ब्लास्ट फर्नेस 8-महामाया, एसएमएस-3, रेल मिल, कोक ओवन एवं प्लेट मिल का भ्रमण कराया गया। श्री बेहेरा द्वारा कार्मिकों की पत्नियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया तथा सहायक प्रबंधक एम तन्मई द्वारा किया गया।

## लोईमू यूनियन ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज से की समस्या निदान की मांग

# टाउनशिप में सफाई व जलापूर्ति करने वाले मजदूर हुए बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

लोकतांत्रिक इस्पात श्रमिक एवं इंजीनियरिंग यूनियन लोइमू ने बीएसपी प्रबंधन से बीएसपी टाउनशिप में सफाई काम करने वाले ठेका सफाई कामगारों की समस्याओं के जल्द निदान कराने की मांग की है। मजदूरों को ठेका एजेंसी समय पर वेतन दे रही है और न ही बोनस दे रही है। ठेका मजदूरो के साथ श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाली ठेका एजेंसी पर कार्रवाई की मांग की गई है।यूनियन के महासचिव देवेंद्र सोनी ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज को भेजे ज्ञापन में बताया कि टाउनशिप में आवासीय सीवरेज ठेका सफाई कामगारों,पेयजल आपूर्ति करने वाले ठेका पम्प ऑपरेटरों के साथ अमानवीय व्यवहार एवं श्रम कानूनों के उल्लंघन किया जा रहा है। टाउनशिप के आवासों में निवासरत बीएसपी कर्मचारियों की सेवा के लिए शुद्ध पेयजल, एवं सीवरेज की सफाई में ठेका एजेन्सी के माध्यम से श्रमिक कार्यरत हैं। इन ठेका श्रमिक को लंबे समय से मासिक वेतन का भुगतान कभी भी नियमित रूप से नहीं होता। सीवरेज सफ़ाई में ठेका एजेन्सी अमरनाथ द्विवेदी द्वारा कामगारों को वेतन हर माह 20 तारीख के बाद ही भुगतान किया जाता है, इसकी लिखित एवं मौखिक जानकारी सम्बन्धित विभाग के उच्च अधिकारियों को यूनियन देती रही है। इसके बाद भी विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### समय पर नहीं मिल रहा वेतन व बोनस



### यह हैं ठेका मजदूरों की मांगें

आवासीय सीवरेज सफ़ाई,एवं पम्प ऑपरेटर में लगे ठेका कामगारों का मासिक वेतन माह के 7-10 तक सुनिश्चित किया जाय। सीवरेज कामगारों का बकाया भुगतान तत्काल किया जाय, पम्प ऑपरेटरों का बोनस का भुगतान किया जाय। सीवरेज कामगारों का छमाही स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य हो। विभाग के अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाय व श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वाले ठेका एजेन्सी पर कार्यवाही की जाए।

### मजदूरों को नहीं मिलता बोनस

ज्ञापन में बताया कि मजदूरों द्वारा ठेकेदार से समय पर वेतन व सुविधाएं मांगने पर अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा काम से निकल देने की धमकी दी जाती हैं।सीवरेज सफाई कामगारों का सालाना बोनस की पूरी राशि का भुगतान भी एजेंसियों द्वारा नहीं दिया गया है। पेयजल की आपूर्ति करने वाले ठेका कामगारों को पूरा वेतन नहीं दिया जाता। इन महत्वपूर्ण कार्य को अत्यावश्यक सेवाएं के अंतर्गत रखा हैं। यदि 1 दिन भी इस कार्य को प्रभावित किया गया तो हमारे नियमित कर्मचारी के दैनिक जीवन में बहुत असर पड़ेगा,जो शायद संयंत्र के औद्योगिक संस्कृति के प्रति अच्छा संदेश नहीं होगा।

## भिलाई-चरोदा निगम में सुशासन दिवस मना, पहुंचे विधायक कोर्सेवाड़ा



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

■ प्रोजेक्टर से लाइव टेलीकास्ट भी देखा गया

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में अटल सुशासन दिवस समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विशेष रुप में सभागार में मौजूद थे। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी की जन्म जयंती समारोह भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ाने पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री के हाथों प्रदेश की राजधानी रायपुर में अटल परिसर उद्घाटन समारोह का लाईव टेलीकास्ट का प्रसारण प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की ही तरह भिलाई-चरोदा निगम सभागार में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। विधायक कोर्सेवाड़ा ने कहा कि स्व. अटल बिहारी बाजपेयी भारत के 3 बार प्रधानमंत्री रहें, वे एक महान नेता और आदर्श कवि थे। उन्ही के प्रधानमंत्री रहने के दौरान 1 नवंबर 2000 को हमारे छत्तीसगढ़ का गठन हुआ। उनके जन्म दिवस पर हम सभी उनके प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा व्यक्त करते हुये उनका स्मरण कर रहें है। 25 दिसंबर को अटल सुशासन समारोह कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, पार्षद फिरोज फारुखी, सासंद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, नेता नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, पार्षद प्रेमलता चन्द्राकर, तुलसी राम ध्रुव, अर्पणा सुब्रतो दासगुप्ता, मंडल अध्यक्ष ए. गौरी शंकर, वरुण यादव, आशीष वर्मा, विनोद निषाद आदि जनप्रतिनिधि समेत आयुक्त डी. एस. राजपूत, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता विक्टर वर्मा आदि मौजूद थे।

## रिसाली वार्ड 21 में बीस साल से नहीं बनी सड़क आप पार्टी ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

■ नाली नहीं होने से सीवरेज की समस्या से लोग परेशान

रिसाली के स्टेशन मरोदा वार्ड 21 में 20 वर्षों से सड़क और नाली निर्माण न होने की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने रिसाली नगर निगम के आयुक्त के नाम अधिनस्थ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। समस्याओं से वार्डवासियों की परेशानी से अवगत कराते हुए सभी मांगों के जल्द निदान की मांग की।

आप पार्टी के पदाधिकारियों राज्य संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा और लोकसभा अध्यक्ष दुर्ग गीतेश्वरी बघेल, नेकार्यकर्ताओं के साथ वार्ड का दौरा कर निवासियों से समस्याओ का जाना। वार्डवासियों ने बताया कि सड़कों की बहुत खराब हो चुकी है। बीस साल से सड़क निर्माण नहीं होने से आवाजाही में परेशानी होती है। नल-जल योजना के दौरान की गई खुदाई के कारण सड़कों की स्थिति और भी खराब हो गई है।पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त होने के कारण गली में पानी भर जाता है।नालियों का उचित प्रबंधन नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर फैलता है, जिससे दुर्घटनाओं, बीमारियों, मच्छरों और दुर्गंध की समस्या बढ़ गई है।

### जल्द निदान का मिला आश्वासन

वार्ड की जन समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि आयुक्त मोनिका पांडे से मिलने पहुंचे। आयुक्त के दौरे पर होने पर संजीत विश्वकर्मा ने उनसे फोन पर वार्ड की समस्याओं पर चर्चा की। आयुक्त ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन देते हुए नगर निगम के अभियंता सुनिल दुबे को समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इसके बाद, संजीत विश्वकर्मा और गीतेश्वरी बघेल ने वार्ड वासियों के साथ मिलकर नगर निगम कार्यालय में अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वार्ड के नागरिकों में लक्ष्मी निर्मलकर, भगवती साहू, बबला, रोशनी साहू, संतोषी साहू आदि उपस्थित थे। आप पार्टी के संजीत विश्वकर्मा ने बताया कि अभियंता सुनिल दुबे ने वार्ड की समस्याओं का निरीक्षण करवाया और जल्द से जल्द सड़क और नाली निर्माण का कार्य शुरू करवाने का आश्वासन दिया।

## सड़क हादसे में आईजी ऑफिस में पदस्थ रहे आरक्षक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

आईजी कार्यालय में पदस्थ आरक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना बुधवार रात कार्यालय से अपने घर आरक्षक जा रहा था। बाइक की रफ्तार अधिक होने से सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर जा घुसा। हादसे में आरक्षक के सिर पर गंभीर चोट आई जिससे मौके पर ही मौत हो गई। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का शिनाख्त किया। मिली जानकारी के मुताबिक आरक्षक उपेन्द्र तिवारी आईजी कार्यालय में पदस्थ था। रात को अपने घर स्मृति नगर स्थित हरि नगर बाइक से जाने के लिए निकला था। उपेन्द्र तिवारी अपनी बाइक सीजी 07 एडब्लू 2208 से घर जाने के लिए निकला था। हरि नगर से क्रिश 2 होटल के पास सड़क किनारे लगे ट्रांसफर्मर से टकरा बाइक टकरा गया। ट्रांसफर से टकराने के बाद आरक्षक नाली में जा गिरा। उपेंद्र तिवारी 2007 बैच का सिपाही था और मूलतः उत्तर प्रदेश के गोरखपुर रहने वाला था। भिलाई के हरिनगर में वह अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था। सड़क हादसे में उसकी मौत के बाद बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। हादसे की सूचना के बाद स्मृति नगर चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजा। घटना की जानकारी लगने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बाइक चलाते समय आरक्षक ने हेलमेट नहीं लगाया था जिसके कारण सिर पर अधिक चोट लगी जिसके चलते मौत हो गई।



■ बुधवार रात काम कर घर लौट रहा था आरक्षक

## गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल जरुरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

■ जेएनएल अस्पताल में प्रजनन व बाल स्वास्थ्य पर आरसीएच कार्यशाला

भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करना विषय पर आरसीएच कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में गुणवत्तापूर्ण देखभाल की भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना और नर्सिंग छात्रों, नर्सिंग बहनों और डीएनबी छात्रों को प्रशिक्षित करना था। कार्यपालक निदेशक एम.रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर, डां. एस मुख़र्जी, प्रभारी आरसीएच डॉ. रोशन हुसैन और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी यूनिट II की प्रमुख डां. शायला जेकब ने जागरुक किया। डां. ठाकुर ने बेहतर प्रसवपूर्व परिणामों के लिए प्रसूति एवं बाल रोग विशेषज्ञ की भूमिका पर जोर दिया। इसके बाद गर्भावस्था और प्रसवोत्तर अवधि में देखभाल के विभिन्न पहलुओं के साथ नवजात शिशु की देखभाल पर जानकारी दी। आरसी के प्रसूति एवं स्त्री रोग और बाल चिकित्सा विभाग के परामर्शदाताओं और नर्सिंग कॉलेज के प्रोफेसरों द्वारा व्याख्यान दिए गए। डां. हुसैन तथा डां. शायला जेकब ने कार्यशाला की योजना बनाई और पूरे कार्यक्रम की देखरेख की। डां. रोशन ने कार्यशाला के उद्देश्य से अवगत कराया। कार्यक्रम में 98 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इनमें पीजी नर्सिंग कॉलेज, शंकराचार्य नर्सिंग कॉलेज, अपोलो नर्सिंग कॉलेज, जेएलएनएच नर्स और ओएंडजी विभाग सहित अन्य विभागों के डॉक्टर शामिल थे। ओ एंड जी विभाग के डॉ रोशन हुसैन और डां. शायला जेकब के मार्गदर्शन में डिप्टी सीएमओ नीना गुहा और चीफ कंसल्टेंट डां. निशा ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## रेल व स्ट्रक्चरल मिल में निश्रेयस प्रशिक्षण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल (आरएसएम) में निश्रेयस नामक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ कर्मचारियों ने ज्ञान को किया साझा

कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकी के बारे में सशक्त जानकारी प्रदान करना और उनके संचालन एवं रखरखाव के कौशल को बढ़ाना था।मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक टीके कृष्ण कुमार थे। सीजीएम व विभाग प्रमुख टी दस्तिदार भी उपस्थित थे। कर्मचारियों को एक विशिष्ट विषय पर अध्ययन करने एवं अपने ज्ञान को प्रशिक्षण सत्र में साझा करने का अवसर प्रदान किया गया। फनींद्र वलेगा ने एन्कोडर्स के प्रकार प्रयोगों पर एक प्रस्तुति दी। महाप्रबंधक समिधा गुप्ता, महाप्रबंधक श्री बारवाल, उप- प्रबंधक मनीष दुआ एवं आरएसएम के सेक्शन इंचार्ज सुधीर सोर्टे, प्रशांत लाखे, सुदीप्तो चट्टोपाध्याय, आर. राजधर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम ने न केवल कर्मियों को उत्कृष्ट मंच भी प्रदान किया।

स्वामी जी-93406-38884
10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविद्या, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक
10 जनवरी 2025
19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
08 जनवरी से 18 जनवरी 2025, 19 फरवरी से 01 मार्च 2025
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025,
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



नए साल की तैयारी

## लाइव इवेंट

### लाइफ स्टाइल पर एक्जीबिशन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए



**भिलाई।** राउंड टेबल ने लगातार आठवें साल किंडर जॉय फेस्ट का आयोजन किया। भिलाई क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में करीब 2500 लोगों ने शिरकत की। इसके अलावा इस साल भिलाई राउंड टेबल ने भिलाई पॉप अप का भी आयोजन किया। भिलाई पॉप अप एक लाइफस्टाइल एग्जिबिशन था, जो कि क्रिस्टल गार्डन में हुआ। इस इवेंट में 1500 से ज्यादा लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस एग्जीबिशन में लगाए गए स्टाल ने लोगों को खासा प्रभावित किया। पारख ज्वेलर्स, बिल्टेक बिल्डर्स और सागर होटल ने इस इवेंट में सहयोग किया। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम से मिलने वाले अनुदान से बोरी, दुर्ग स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में पाठशालाओं का निर्माण कार्य कराया जाएगा। भिलाई राउंड टेबल 243 में भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के युवा उद्यमी, शिक्षाविद तथा समाजसेवी प्रमुख रूप से जुड़े हुए हैं। भिलाई राउंड टेबल द्वारा अब तक विभिन्न स्कूलों में 1.5 करोड़ की लागत से 30 क्लासरूम का निर्माण किया जा चुका है। संस्था लगातार सरकारी स्कूलों के मेंटेनेंस, नए क्लास रूम और संसाधन बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है।

- भिलाई क्लूब के क्रिस्टल गार्डन में किंडर जॉय फेस्ट और पॉप अप पर जुटे कारोबारी

## सिटी इवेंट

### गुरुकुल बना रहे हमारे बच्चों को संस्कारी यह आज की आवश्यकता : मंत्री रवि किरण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में चल रहे तीन गुरुकुल का मध्य प्रदेश शासन में केबिनेट मंत्री रवि किरण साहू ने दौरा किया। निःशुल्क अध्ययन कर रहे लगभग 800 बच्चों से उन्होंने मुलाकाल की। साथ ही गुरुकुल परिवार के सदस्यों से भी मिले। लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार स्थित गुरुकुल में ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। इसके बाद राधा कृष्ण मंदिर गुरुकुल भी गए। रवि किरण साहू ने बताया कि गुरुकुल बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, आत्मनिर्भरता एवं आदरभाव लाता है। इस अवसर पर वैदिक गुरुकुल प्रभारी आशीष कुमार शर्मा, गोपाल कृष्ण शर्मा, मेघा राठी, पूनम यादव, संजय अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, ममता टावरी, सुकृति ठाकुर, रेणु, खिलेश्वरी, श्वेता अग्रवाल, नरेंद्र राठी, अनिल अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। अनिल अग्रवाल ने बताया कि एमपी से आए मंत्री ने बच्चों के साथ समय बिताया। उनकी दिनचर्या जानी। संस्था में होने वाले शैक्षणिक कार्यों के बारे में भी पूछा।

## सिटी इवेंट

### फेलोशिप अवार्ड के लिए हरीश साहू को उप मुख्यमंत्री और सांसद ने किया सम्मानित



**भिलाई।** पाटन के ग्राम उरला से हरीश साहू (कराते मास्टर) को भगवान बुद्ध नेशनल फेलोशिप अवार्ड 2024 और रामकुमार साहू नूतन चौक भिलाई तीन को महात्मा ज्योतिबाफुले नेशनल फेलोशिप अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। दोनों ने यह सम्मान दिल्ली में ग्रहण किया। हरीश साहू और रामकुमार साहू ने दिल्ली से लौटने के बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव और सांसद विजय बघेल से मुलाकात की। दोनों ने भी उन्हें सम्मानित कहा। साथ ही कहा कि अपने गांव, जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रामकुमार साहू और हरीश साहू समाजसेवी हैं। हरीश साहू समाजसेवी होने के साथ इंटरनेशनल कराते प्रशिक्षक एवं प्रसिद्ध कथा वाचक भी हैं। भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे की अनुशंसा पर उन्हें यह सम्मान मिला। प्रांताध्यक्ष ने बताया कि दिल्ली के पंचशील आश्रम झरौदा गांव (बुराड़ी के पास) में भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 40वें राष्ट्रीय दलित साहित्यकार सम्मेलन में देश की प्रतिभावाओं को यह सम्मान प्रदान किया गया है।

### नेहरू नगर स्थित नानकदेव गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस के आयोजन में विधायक रिकेश सेन हुए शामिल

# गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर और फतेह सिंह की शहादत को पेंटिंग और पोस्टर में उकेरा, समाज के प्रतिभावान को सम्मान में मिली साइकिल

गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय बहादुरी और बलिदान की याद में गुरुवार को प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी वीर बाल दिवस मनाया गया। वर्ष 2022 में भारत सरकार ने इस दिन को वीर बाल दिवस घोषित किया है। इसे लेकर गुरुद्वारा नानकदेव नेहरूनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनकी वीरता और पराक्रम पर आधारित पोस्टर बनाए गए। प्रतिभावान स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। सुबह से ही गुरुद्वारे में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम शुरू हो गया, जो कि देर शाम तक चला।



**भिलाई।** आयोजन में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन प्रमुख रूप से शामिल हुए। 100 से ज्यादा बच्चों ने वीर बाल दिवस पर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की बहादुरी पर केंद्रित पेंटिंग और पोस्टर बनाए। 10वीं और 12वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाली मनप्रीत कौर (12वीं) को टेबलेट तथा अमनदीप सेंडो (10वी) को सम्मान स्वरूप साइकिल प्रदान किया गया। सभी गुरूद्वारा प्रमुखों को भी सम्मानित किया गया।

रिकेश सेन ने कहा कि आज हम सभी वीर बाल दिवस पर सिख समाज के उन साहिबजादों की वीरता के लिए उनका पुण्य स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी जान दे दी, मगर धर्म परिवर्तन की शर्त को नहीं माना। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार, जिन्होंने इस विशेष दिन को वीर बाल दिवस घोषित किया। कार्यक्रम में ढाई से तीन घंटे तक सिख समाज के बच्चों ने साहिबजादों के बलिदान और वीरता पर केंद्रित कविता और संगीतमय पाठ की प्रस्तुति दी। धर्म की रक्षा के लिए साहिबजादों का बलिदान हम सभी को अपने जीवन में न सिर्फ सबक की तरह अपनाना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी यह बताना और समझाना होगा। कभी भी अपने धर्म पर कोई आंच नहीं आने देना। सभी गुरूद्वारा प्रबंधकों से अनुरोध है कि वीर बाल दिवस की गाथा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है ताकि हम अपने सनातन धर्म की रक्षा कर सकें तथा आर्थिक लालच देकर मतांतरण जैसे मामले समाप्त हों।

### सभी गुरुद्वारा प्रमुखों का सम्मान, गुरु गोविंद सिंह के मार्ग पर चलने का संदेश, पूरे दिन कार्यक्रम

इस अवसर पर सभी गुरुद्वारा प्रमुखों का सम्मान किया गया। उपस्थित सिख समाज के लोगों ने गुरु गोविंद सिंह के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि इस विशेष दिन की शुरुआत की गई है, आगामी दिनों में हम अपने बच्चे और युवाओं को उनके बलिदानों से अवगत कराएंगे। इसे लेकर आगामी दिनों में सभी गुरुद्वारों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार को पूरे दिन भजन-कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। पेटिंग और पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से श्रेष्ठ को सम्मानित किया गया।





# आईआईटी में एयरोस्पेस स्ट्रक्चर्स टेक्नोलॉजी पर मंथन



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में एडवांसेज इन एयरोस्पेस स्ट्रक्टर्स टेक्नोलॉजी विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डीआरडीओ की एआरएंडडीबी संरचना समिति और आईआईटी के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम हुआ। इस संगोष्ठी में भारत के प्रमुख रक्षा वैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया, जिनमें

डॉ. एसके पांडे, जी. राधाकृष्णन, प्रो. सीएस मनोहर, प्रो. एरोकियाराजन, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. एस. इलावरासु और प्रो. शक्ति एस. गुप्ता शामिल थे। इन वैज्ञानिकों ने एयरोस्पेस तकनीक में नवीनतम प्रगति पर अपने अनुभव साझा किए। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश की सह-अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एनआईटी रायपुर और नजदीक के अन्य इंजीन्यरिंग संस्थानो के छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षण संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एयरोस्पेस रक्षा प्रणालियों के क्रांतिकारी नवाचार पर मंथन संगोष्ठी के दौरान, वैज्ञानिकों ने एयरोस्पेस रक्षा प्रणालियों के संरचनात्मक डिजाइन में क्रांतिकारी नवाचार, नई सामग्री प्रौद्योगिकियों के विकास और मशीन लर्निंग की भूमिका को उजागर किया। वैज्ञानिकों बताया कि यह रक्षा की क्षमताओं को और सुदृढ़ करता है। तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करने के साथ-साथ, यह संगोष्ठी युवाओं को प्रेरित करने का एक मंच भी साबित हुई। पैनल ने डीआरडीओ के साथ उपलब्ध अनुसंधान अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी और रक्षा प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ सक्रिय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। इस आयोजन ने प्रतिभागियों के बीच ऊर्जा-भरे संवादों को प्रोत्साहित किया। उन्हें एयरोस्पेस इंजीनियरिंग और रक्षा अनुप्रयोगों में भविष्य की चुनौतियों के समाधान तलाशने के लिए प्रेरित किया।

# कल्याण दिवस पर पारसनाथ और चंद्र प्रभु का स्वर्ण और चांदी के कलश से अभिषेक



**भिलाई।** श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में 1008 पारसनाथ भगवान और 1008 चंद्र प्रभु भगवान के कल्याणक दिवस पर स्वर्ण और चांदी के कलश से मंगल अभिषेक किया गया। श्री पार्श्वनाथ भगवान और चंद्रप्रभु भगवान का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य प्रदीप, प्रमोद, अरुण, अक्षत जैन बाकलीवाल को प्राप्त हुआ। अष्टधातु की प्रतिमा पर शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद, ललिता देवी बाकलीवाल और 1008 चंद्र प्रभु की प्रतिमा पर शांति धारा का सौभाग्य निशांत जैन, अशोक महावीर, प्रकाश अशोक निकोटिया, दीपचंद भारत जैन को मिला। मंगल विधान कलश की स्थापना श्री पारसनाथ दिगंबर जैन सभा समिति के ज्ञानचंद बाकलीवाल, सोमेश बाकलीवाल, जिनेंद्र जैन, प्रवीण छाबड़ा ने की। साथ ही अभिषेक किया। दो तीर्थंकर भगवान के कल्याणक दिवस पर मंगल विधान पूजन अजय शास्त्री ने भक्तों को महिलाओं की उपस्थिति में कराया।

### बीएसपी क्रिकेट मैदान टाउनशिप में आयोजित हुई प्रतियोगिता, विजेता और उपविजेता सम्मानित

# बीएसएफ रक्षक ट्रॉफी : आशीष इंटरप्राइजेस ने जीता खिताब, सुधांशु मिश्रा के गगनचुंबी छक्के ने दिलाई जीत

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। बीएसएफ रक्षक ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला बीएसपी खेल मैदान में खेला गया। मैच आशीष इंटरप्राइजेस और वेटरेनस क्रिकेट एसोसिएशन के मध्य खेला गया। आशीष इंटरप्राइजेज ने यह फाइनल मुकाबला सुधांशु मिश्रा के गगनचुंभी छक्के की मदद से जीता। टीम ने यह मैच दो विकेट से जीता। मैन ऑफ़द मैच सुधांशु मिश्रा रहे। फाइनल मुकाबले में टॉस भिलाई वेटर क्रिकेट एसोसिएशन ने जीता। टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बभिलाई वेटरेनस क्रिकेट एसोसिएशन ने 10 ओवर में 5 विकेट पर 88 रन बनाए। इसमें अत्रि शर्मा नॉट आउट 44 रन, रामशरण वैष्णव नॉट आउट 19 रन बनाए। आशीष इंटरप्राइजेज से गेंदबाजी करते हुए विशाल विश्वकर्मा ने तीन, बी नीतीश राव ने दो विकेट लिए। जवाब में निर्धारित ओवरों में आशीष इंटरप्राइजेस की टीम ने जीत हासिल की।





### निर्धारित लक्ष्य 9.3 ओवर में हासिल किया, सुधांशु ने बनाए 46 रन, शानदार छक्का भी लगाया

अशीष इंटरप्राइजेज की टीम ने बैटिंग करते हुए 9.3 ओवर में आठ विकेट पर 94 रन बनाए। सुधांशु मिश्रा ने नॉट आउट 46 रन की पारी खेली। उनके अलावा प्रतीक सिंह 16 रन बनाए। सुधांशु ने मैच के अंतिम ओवरों में छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। भिलाई वेटरेनस क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए रवि तीन विकेट लिए। प्रतियोगिता के फाइनल मैच एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश कुमार डीआईजी पीएसओ बीएसएफ थे। इस अवसर पर बीएस पांकेट, बक्श राज कौशल, प्रदीप कुमार दुबे, मनीष सिन्हा, नेहा सचदेव उपस्थित थे।

### प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे जैकी खान, मिला टेलीविजन

प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जैकी खान को मिला। उन्होंने सम्मान स्वरूप टेलीविजन प्रदान किया गया। मैच के अंपायर जेपी आर्य, आनंद खरलकर, जीवनलाल एवं के बाला थे। स्कोरर के हरीश, कॉमेंटेटर अभय मोहिल थे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिश शर्मा ने किया। इस अवसर पर लेटेस्ट फैशन की नेहा सचदेव मौजूद थीं। प्रतियोगिता अलग-अलग पूल में आयोजित की गई। इसके बाद क्वाटर फाइनल, सेमीफाइन और अंत में फाइनल मुकाबला हुआ।



## सिटी इवेंट

# उत्कृष्ट कार्य करने स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति सम्मानित



**भिलाई।** हरा भरा स्वच्छ धरा के उद्देश्य को लेकर कार्य करने वाली संस्था स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ की टीम को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के उत्कृष्ट कार्य के लिए उड़ान नई दिशा संस्था द्वारा पांचवें स्थापना दिवस पर मैत्री बाग में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल, प्रदेश संयुक्त सचिव सुरेंद्र कुमार साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य थनेश्वरी हरदेल, आजीवन सदस्य गण निकिता शिंगणे, टीनल हरदेल, चितरंजन दुर्गा देशमुख, गोपाल चोपकर, मधु कुमार देशमुख, शिव कुमार शुक्ला, भानु शंकर बेलचंदन, बालू राम वर्मा, सुधीर गढ़ेवाल, सदस्य डॉ हामेश्वर देशमुख, होमेश्वरी देशमुख, जयेश शिंगणे, दिव्यांश देशमुख, अनिता वर्मा, निधि चंद्राकर एवं अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## सिटी लाइव

# ग्रेजुएशन सेरेमनी में नर्सिंग विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुति




**भिलाई।** सीएम नर्सिंग इंस्टीट्यूट नेहरू नगर भिलाई द्वारा लैंप लाईटिंग एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ तृष्टी नागारिया डीन, डॉ जयंती चन्द्राकर मेडिकल सुपरिटेंडेंट शासकीय मेडिकल कॉलेज कचान्दुर, दुर्ग एवं प्रो शैलू साजी प्राचार्या शासकीय नर्सिंग कॉलेज रायपुर मौजूद रही। सीएम नर्सिंग इंस्टीट्यूट नेहरू नगर भिलाई के डायरेक्टर देव चन्द्राकर, आशुलता मिश्रा प्राचार्या एवं अंजु यादव एडमिनिस्ट्रेटर के द्वारा ग्रेजुएशन सेरेमनी और लैंप लाईटिंग का आयोजन किया गया। उन्होंने नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में अच्छे मुकाम हासिल करने की बातें कही। इस अवसर पर नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी तथा उत्कृष्ट परीक्षार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

## एजुकेशन इवेंट

# माता कौशल्या के जन्मस्थान चंदखुरी का किया शैक्षणिक भ्रमण



**भिलाई।** भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर में संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय सामुदायिक शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय की बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को भगवान श्रीराम के ननिहाल तथा उनकी मां माता कौशल्या के जन्मस्थान होने की वजह से रायपुर शहर से 17 किमी दूरी पर स्थित इसी जिले के चंदखुरी गांव ले जाया गया। इस सामुदायिक शिविर में बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा चंदखुरी गाँव में ग्रामवासियों को समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों और उसके दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए एक जागरूकता रैली निकाली गई। छात्राओं ने गाँव में पारिवारिक सर्वे का कार्य भी किया। जिसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार से जानकारी लेकर छात्राओं द्वारा सर्वे फॉर्म भरा गया। छात्राओं द्वारा ग्राम के सामुदायिक मंच पर नुक्कड़ नाटक एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। शिक्षिकाओं और छात्राओं ने माता कौशल्या मंदिर के दर्शन किए। भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या मदन मोहन ने एक दिवसीय शिविर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सामुदायिक शिविर बी.एड. पाठ्यक्रम के अंतर्गत एक गतिविधि है। प्रतिवर्ष शिक्षा विभाग द्वारा इसका आयोजन किया जाता है। इस एक दिवसीय शिविर में शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित तथा अन्य सहायक प्राध्यापिकाएँ डॉ. हेमलता सिदार, डॉ. भावना चौहान, नाज़नीन बेग, आशा आर्य, काकोली सिंघा, सत्यम मिश्रा और शकीबा उपस्थित रही।

### शारीरिक रोगों के उपचार में औषधीय पौधों की उपयोगिता के बारे में विद्यार्थियों ने जाना



**भिलाई।** डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज भिलाई-3 के वनस्पतिशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए संयुक्त शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय भिलाई 3 में किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओ को औषधीय पौधों के महत्व तथा विभिन्न शारीरिक रोगों के उपचार में औषधीय पौधों की उपयोगिता एव पंचकर्म, सोनाबाथ, शिरोधारा की उपयोगिता पर डॉ. पूजा सिन्हा आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी ने विस्तार से बताया। देश का प्रकृति परिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आर्युवेदिक चिकित्सा पद्धति द्वारा समस्त उपस्थित कर्मचारीओ एवं विद्यार्थी के प्रकृति का परिक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. मंजुला गुप्ता, प्राणिशास्त्र विभाग की प्राध्यापक रेणु वर्मा, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष मंजू दांडेकर, उमा आडिल सहित महाविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## वार्षिक उत्सव कलर्स ऑफ कार्निवाल 2024 हुआ आयोजन, सांसद विजय बघेल ने किया प्रोत्साहित

# कलर्स ऑफ कार्निवाल 2024 में रंग-बिरंगे परिधानों के साथ किया अपनी कला का प्रदर्शन, उत्कृष्ट बच्चों को किया पुरस्कृत

**भिलाई।** भिलाई पब्लिक स्कूल में भव्य वार्षिक उत्सव कलर्स ऑफ कार्निवाल 2024 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और स्टाफ ने मिलकर शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जो पूरे आयोजन को यादगार बना गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों की एक से बढ़कर एक शानदार सांस्कृतिक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का दिल छू लिया। विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार और चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि विधायक ललित चंद्रकार और गेस्ट ऑफ ऑनर दीपक चंद्रकार, भिलाई पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर एच.पी.एस. उप्पल और प्रिंसिपल हरविंदर कौर उप्पल के साथ कई अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन से आयोजन में और भी जोश और ऊर्जा का संचार हुआ। अतिथियों के स्वागत उद्बोधन के दौरान हरविंदर कौर उप्पल ने विद्यालय के छात्रों को अच्छे संस्कारों और उच्च शैक्षिक मानकों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



### टीम वर्क करते हुए निभाई जिम्मेदारी

इस कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक, सहायक कर्मचारी और प्रशासनिक टीम का योगदान रहा। कार्यक्रम की मास्टर ऑफ सेरेमनी का दायित्व पुष्पा भोई, शर्ली प्रिंस, दीपक कुमार राय और काव्या वर्मा ने निभाया। उन्होंने कार्यक्रम को व्यवस्थित और आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया।

### बच्चों को समाज के प्रति बनाएं जिम्मेदार: सांसद विजय



मुख्य अतिथि विजय बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन शिक्षा और संस्कृति का सुंदर मिश्रण है। हम सभी को मिलकर बच्चों को एक अच्छा नागरिक और समाज के प्रति जिम्मेदार बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। डायरेक्टर एच.पी.एस. उप्पल ने कार्यक्रम के दौरान छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कारों की भी आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अकादमिक सफलता नहीं, बल्कि बच्चों को समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाना है। प्रिंसिपल हरविंदर कौर उप्पल ने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा, हम बच्चों को सिर्फ किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि उन्हें जीवन के संघर्षों से निपटने की कला भी सिखाते हैं। एक अच्छे इंसान बनने की दिशा में यह हमारा सबसे बड़ा योगदान है।

### विद्यार्थियों ने सृजनात्मकता का दिया परिचय






कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा प्रस्तुत शानदार सांस्कृतिक नृत्य और संगीत कार्यक्रम ने सभी दर्शकों का दिल छू लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिससे पूरा वातावरण उल्लासित हो गया। संगीत और नृत्य के अलावा विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय भी दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डायरेक्टर एच.पी.एस. उप्पल और प्रिंसिपल हरविंदर कौर उप्पल ने किया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार और चेक प्रदान किए गए। इस समारोह में छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित थे।

## विंटर कार्निवाल का दूसरा दिन

# जीवन में सफल होने के लिए सहयोग और संतुलन आवश्यक, करें प्रकृति का सहयोग



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे विंटर कार्निवल के दूसरे दिन वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची बहन ने बच्चों को बताया कि जीवन में सफल होने के लिए सहयोग और संतुलन आवश्यक है। आज श्रेष्ठ और सफल हर कोई होना चाहता है, लेकिन दूसरों को सहयोग करने की शक्ति नहीं है। प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है। यह हम सभी की जिम्मेंदारी है प्रकृति को सहयोग करे। क्योंकि ये संसार प्रकृति कल आपके हाथों में होगी। इसका निर्माण करे। अपने मन को शांत और एकाग्र कर इसे संतुलित करे। इसी वैश्विक दृष्टिकोण के साथ आज बच्चों को मेडिटेशन कराया गया। बच्चों को स्वमान (स्वयं की विशेषताओं के अवलोकन) करने के लिए स्व उन्नति का चार्ट दिया गया। जिसे बच्चे खुशी से आत्म चिंतन कर भर रहे है। इस विंटर कार्निवाल में बच्चें बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।





## एक दिवसीय सद्भावना यात्रा

# मानिकपुरी पनिका समाज की सद्भावना यात्रा में दिखा उत्साह, लिया आनंद



**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज कार्यालय रुआबांधा भिलाई का एक दिवसीय सद्भावना यात्रा भिलाई से आरंभ किया गया। सद्भावना यात्रा में समाजिक जन बड़े ही उत्साह के साथ हाजरा फाल्स की यात्रा में शामिल हुए।

यात्रा की जानकारी देते हुए मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई सचिव गुलाब दास ने बताया कि इस दौरान सामाजिक जनों ने कचारगढ़ में प्रकृति के दुर्लभ दर्शन गुफा में गोंडी धर्म के उद्भव स्थल मनमोहक परिदृश्य का आनंद अनुभव किया साथ ही हाजरा फाल में भी प्रकृति अनोखा दर्शन देखा।

इस दौरान सभी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहाड़ से पानी का झरना आसपास के प्राकृतिक नजारा मन को प्रफुल्लित कर हृदय को आनंदित कर दिया। ईश्वर का यह वरदान वास्तविक में हम सब के लिए जीवन को आनंदित करने के लिए ही मिला है। सभी समाजिक जनों यात्रा का आनंद लेते हुए कई नई जानकारियां भी ली।



## छग हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग का पारिवारिक मिलन समारोह

# शक्ति दिवस में सामाजिक नियमावली का पालन करने और शादी में फिजूल खर्च न करने पर दिया जोर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई-दुर्ग ने शक्ति भवन आशीष नगर पश्चिम रिसाली में समाजिक पारिवारिक मिलन समारोह शक्ति दिवस का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस दौरान सामाजिक जनों ने समाज के सभी संस्कारों में सामाजिक नियमावली का पालन करने और शादी में फिजूल खर्च न करने के साथ ही अंतर जातीय विवाह रोकने की बातों पर जोर दिया। इस अवसर पर केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के \समाज\ सामाजिक पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के दंतेश्वरी माता की आराधना जस गीत के साथ हुई। पूजा अर्चना के बाद अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र द्वारा सामाजिक ध्वजारोहण के साथ शक्ति महोत्सव का शुरुआत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे मे जानकारी दी। शक्ति दिवस कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, पार्षद मनीष यादव, गोविन्द चुरेन्द्र कमिश्नर, पीएस एल्मा सचिव उपस्थित रहे।



### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में हरबंश मिरी अध्यक्ष कंवर समाज, मुकेश रावटे अपर कलेक्टर, लता उर्वशा कार्यकारी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ 36 गढ़ महासभा, जय राम कोसमा, आरएस नायक अध्यक्ष केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ, उमेश धलेन्द्र मुख्य अभियंता, डॉ बीएस बड़ई ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी और शोभराय ठाकुर पूर्व महासचिव, सामाजिक पदाधिकारियों में चिंता राम ठाकुर ईश्वर भंडारी, सुमिता मल्होत्रा, चन्द्रिका रावत, सुलोचना लारेन्द्र, सयतु तारम, लेमन चुरेंद्र, खोम लाल सहारे, दिनेश ठाकुर, मिथलेश प्रधान सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति, युवा शक्ति, बच्चे और वरिष्ठ जन उपस्थित थे। समाज अध्यक्ष मन्थीर खलेंद्र द्वारा स्वागत भाषण एवं शुभकामना संदेश दिया। जिसमें समाज की एकता और संगठन को बनाए रखने, रूढ़ीवादी परंपरा को संचित करके रखने, हल्बा समाज प्रदेश एवं देश भर में हल्बा आदिवासी समाज के नाम से पहचान बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि आप सभी के परस्पर संगठनात्मक, दृढ़ संकल्प, सहजता, सरलता और सकारात्मक सोच हमारे समाज की पहचान है। उन्होंने समाज में सभी संस्कारों में सामाजिक नियमावली का पालन करने और शादी में फिजूल खर्च न करने के साथ ही अंतर जातीय विवाह रोकने की बाते कहीं।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति, उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मानित

शक्ति दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई दुर्ग को संघठित करने, सामाजिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए आधार स्तंभ रहे दिवंगत पदाधिकारियों एवं सदस्यों के परिजनों को पुरखा सम्मान एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मातृ शक्तियों, युवा शक्तियों और बच्चों के द्वारा देवी जोहार देवता जोहार, रानी के फूंदरा, मोर सुघर छत्तीसगढ़ जैसे गीत, लोक संस्कृति और एकल नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुती दी गई। ऊर्जा का प्रतीक ज्योति कलश भ्रमण पश्चात सुख, समृद्धी का मनोकामना के साथ माई दंतेश्वरी को विदाई दी गई।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एनआईसी मंत्रालय और परिवहन विभाग ने दर्ज की शानदार जीत



**रायपुर।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन ग्राम राखी के खेल मैदान में किया जा रहा है। इस आयोजन में संचालनालय,मंत्रालय, निगम,बोर्ड, आयोग के कर्मचारी- अधिकारी हिस्सा ले रहे है। हर मैच को देखने बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित हो रहे है।

नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा एवं सहसंयोजक जय कुमार साहू और संतोष कुमार वर्मा ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करना है। आज का पहला मैच परिवहन विभाग और राखी थाना के मध्य खेला गया। राखी थाना की ओर से खिलेश ने सर्वाधिक 24 रन बनाकर अपनी टीम को 47 रन तक पहुंचाया। परिवहन विभाग की ओर से अनिल 3 विकेट लेकर घातक गेंदबाजी की। परिवहन विभाग की ओर से अभिनेष ने आकाशीय चौके और छक्के लगाकर 38 रन बनाए। इस तरह परिवहन ने जीत दर्ज की। अनिल को शानदार बॉलिंग के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

दूसरा मैच आदिम जाति कल्याण एवं पशु चिकित्सा विभाग के मध्य हुआ। पशु चिकित्सा विभाग पहले खेलते हुए निर्धारित ओवर में 55 रन ही बना पाई। जिसमें जगदीप 31 का योगदान रहा। पशु चिकित्सा विभाग की ओर से वीरेंद्र ने तीन विकेट लिया। आदिम जाति कल्याण विभाग की ओर से दीपक ने धुंआधार बैटिंग किया।जिसके बदौलत आदिम जाति कल्याण विभाग 56 रन बनाकर पशु चिकित्सा विभाग को परास्त किया। । इस तरह आदिम जाति कल्याण विभाग ने पशु चिकित्सा विभाग को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दीपक एक्का को धमाकेदार 30 रन की पारी खेलने के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीसरा मैच एनआईसी मंत्रालय और मार्कफेड 11 के मध्य खेला गया।एनआईसी मंत्रालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 86 रन बनाई। जिसमें ध्यान सिंह 39 और सौरभ 12 रन का योगदान रहा। मार्कफेड लक्ष्य को पीछे करते हुए एनआईसी के घातक गेंदबाजी के चलते मात्र 38 रन बनाकर ढेर हो गई। एनआईसी मंत्रालय की ओर से ध्यान सिंह आर्मो ने एक विकेट लिया। इस तरह एनआईसी मंत्रालय ने पहली जीत दर्ज की। एनआईसी मंत्रालय के ध्यान सिंह आर्मो को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। अंतिम मैच संचालनालय आबकारी विभाग और लॉ मंत्रालय के जोरदार मैच खेला गया। आबकारी विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 73 रन बनाई।जिसमें आक्रामक बैटिंग करते हुए टीकम ने 22 रन की पारी खेली। आबकारी विभाग के शानदार बॉलिंग एवं क्षेत्ररक्षण के कारण लॉ विभाग मात्र 32 रन में सिमट गई।टीकम ने घातक गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिया। आबकारी विभाग के टीकम यादव को ऑल राउंड प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

इस आयोजन के दौरान संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जय कुमार साहू,कार्यकारी अध्यक्ष एवं क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रभारी संतोष कुमार वर्मा, राम सागर कौशले, आकाश त्रिपाठी,संजीत शर्मा, जगदीप बजाज,त्रिदीप कमल,लोकेश वर्मा,महेंद्र साहू, सोनाली तिड़के, सुरेश ढीढी,सुरेंद्र मार्कण्डेय, हीरा सिंह, राकेश चंद्राकर,विष्णु पाटेकर,राघव, रमन साहू सहित भारी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे।

### जीवतेश,आरिश, रिधान, रोहीन रीना और अमरजीत बने चैम्पियन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पिक्लबॉल संघ (ऑल इंडिया पिक्लबॉल एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त) द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तर स्व डॉ आर सी पांडे स्मृति पिक्लबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 25 और 26 दिसम्बर को व्ही आई पी क्लब मे किया गया। छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल के महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता के समापन पर राकेश पाण्डेय चेयरमेन वीआईपी क्लब, बास्केटबॉल की इंटरनेशन खिलाड़ी एवं शहीद राजीव पांडे आवार्ड प्राप्त ज्योति सिंह नायब तहसीलदार,टेनिस की पूर्व राज्य विजेता एवं सॉफ्टटेनिस मे शहीद राजीव पांडे अवार्ड प्राप्त आयुषी चौहान ने विजेताओं को पुरसस्कृत किया।

खेले गए फाइनल मुकाबलो के परिणाम में अंडर 12 एकल बालक के फ़ाइनल मुक़ाबले में रिधान गोएनका ने हर्षिल नथानी को 15-14 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 16 के बालक एकल के फ़ाइनल मुक़ाबले में आरिश अगा चौबे ने हर्ष बराडीया को 15-9 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंडर 16 बालक डबल्स के फ़ाइनल मुक़ाबले में हर्ष और आरिश की जोड़ी ने विहार शरण भाटिया और रिधान गोएनका की जोड़ी को 15-7 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## सर्दी के मौसम में अपने बच्चों पर दें खास ध्यान

# सर्दियों का ये मौसम कहीं आपके बच्चे को न कर दे बीमार, डॉक्टर से जानिए कैसे रखें सेहत का ख्याल

सर्दी का समय बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर डाल सकती है। इस मौसम में उनके बीमार पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है। इस मौसम में सेहत का ख्याल कैसे रखें, आइए जानते हैं। सर्दियों का ये मौसम सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण माना जाता है। इस दौरान बरती गई जरा सी भी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है, यही कारण है कि विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह देते हैं। प्रतिकूल माहौल में अपने स्वास्थ्य के लिए और भी सतर्कता बरतना जरूरी है क्योंकि इस दौरान कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों की सेहत खराब हो सकती है। सर्दियों का ये मौसम बच्चों के लिए भी काफी समस्याकारक हो सकता है। सर्दी का समय बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर असर डाल सकती है। इस मौसम में उनके बीमार पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है, इसलिए सभी माता-पिता सुनिश्चित करें कि बच्चों को ठंड न लगने पाए और इम्युनिटी सिस्टम कमजोर न होने पाए।



### सर्दियों में बच्चों की सेहत हो सकती है खराब

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सर्दी में बच्चों का बार-बार बीमार पड़ना आम समस्या है। बच्चों के शरीर को मौसम के अनुकूल होने में समय लगता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से उन्हें सर्दी, खांसी, बुखार, फ्लू और अन्य संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है। इसके अलावा सर्दी के दिनों में वायरस और बैक्टीरिया ज्यादा सक्रिय होते हैं। सर्द हवा से गले और नाक की श्लेष्मा झिल्ली शुष्क हो जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ये सभी स्थितियां सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक हो सकती हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया जादौन कहती हैं, सर्दियों का समय बच्चों के लिए बेहद संवेदनशील होता है। तेज बुखार, पसली चलना, बच्चे का खाना-पीना छूट जाना जैसे लक्षण दिखें तो फौरन चिकित्सक को दिखाएं। ये खतरनाक हो सकते हैं। इसके अलावा इस मौसम में बच्चों में कई प्रकार के श्वसन संक्रमण होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इन जोखिमों को ध्यान रखते हुए सभी माता-पिता सुनिश्चित करें कि बच्चों ठंड से बचे रहें।



### बच्चों के खान-पान रखें पौष्टिक

सर्दियों में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के लिए इम्युनिटी में कमजोरी को प्रमुख कारण माना जाता रहा है। इससे बचने के लिए भोजन में विटामिन-सी युक्त फल और सूखे मेवे शामिल करें। अदरक, शहद और तुलसी जैसे प्राकृतिक इम्यूनिटी बूस्टर्स का सेवन कराएं। हल्दी वाला दूध, वेजिटेबल सूप सर्दियों में बहुत फायदेमंद होते हैं।

गुनगुना पानी पिलाएं। इससे गला साफ रहेगा और पाचन तंत्र भी ठीक रहता है। धूप निकलने पर बाहर बैठने को कहें। इससे विटामिन-डी मिलती है और इम्यूनिटी मजबूत होगी।

खान-पान का ध्यान रखने के अलावा बच्चों को थोड़ा-बहुत खेलने के लिए प्रेरित करें, हालांकि इस दौरान उन्हें गर्म कपड़े पहनाएं जिससे सर्दी से बचाव किया जा सके। सर्दी से बचने और इम्यूनिटी बढ़ाने के घरेलू उपाय करें।

# सर्दियों में किस टेंपरेचर पर रखना चाहिए घर का फ्रिज, जानिए जरूर



रेफ्रिजरेटर में सेटिंग के बटन तो आपने भी देखे होंगे। हर मौसम के लिए फ्रिज की सेटिंग चेंज की जाती है। सर्दियों में भी इसका खास ध्यान रखना चाहिए। आइए इस आर्टिकल में फ्रिज के सही टेंपरेचर के बारे में जानें। रेफ्रिजरेटर हर घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हमारे खाने-पीने की चीजों को सुरक्षित और ताजा बनाए रखता है। सर्दियों में बाहर का तापमान ठंडा होता है, जिससे फ्रिज के अंदर का टेंपरेचर भी प्रभावित हो सकता है। ऐसे में सही तापमान सेट करना न केवल खाने की गुणवत्ता बनाए रखता है, बल्कि बिजली की बचत भी करता है। आइए जानते हैं कि सर्दियों में फ्रिज का टेंपरेचर क्या होना चाहिए और इससे जुड़े कुछ आसान हैक्स। सर्दियों में फ्रिज का बढ़िया तापमान 1C से 4C (33F से 39F) के बीच होना चाहिए। यह तापमान भोजन को खराब होने से बचाता है और फ्रिज को सही तरीके से काम करने में मदद करता है। वहीं, फ्रीजर का तापमान -18C (0F) पर सेट करना चाहिए ताकि जमे हुए खाद्य पदार्थ खराब न हों।

### थर्मोमीटर का उपयोग करें:

फ्रिज और फ्रीजर के अंदर का सही तापमान मापने के लिए थर्मोमीटर का इस्तेमाल करें। यह सुनिश्चित करेगा कि आपका रेफ्रिजरेटर सही तरीके से काम कर रहा है।

### थर्मोस्टेट को एडजस्ट करें:

सर्दियों में बाहर का तापमान ठंडा होने के कारण फ्रिज के अंदर का तापमान भी तेजी से ठंडा हो सकता है। ऐसे में फ्रिज के थर्मोस्टेट को थोड़ा कम तापमान पर सेट करना जरूरी है। यह ठंडे वातावरण में फ्रिज को ओवरकूलिंग से बचाने में मदद करता है, जिससे खाद्य पदार्थ सही तापमान पर ताजा और सेफ रहते हैं। इसके अलावा, सही सेटिंग से बिजली की खपत भी कम होती है।

### विंटर मोड का उपयोग करें:

अगर आपके फ्रिज में ₹विंटर मोड₹ या ₹लो एंबिएंट टेम्परेचर₹ का फीचर है, तो इसे सर्दियों में जरूर ऑन करें। यह फीचर विशेष रूप से ठंडे मौसम के लिए डिजाइन किया गया है और फ्रिज को बाहर के कम तापमान में भी सही तरीके से काम करने में मदद करता है। ₹विंटर मोड₹ चालू करने से फ्रिज के अंदर का तापमान स्थिर रहता है, जिससे खाद्य पदार्थ लंबे समय तक ताजा रहते हैं।

# वन डे ट्रॉफी में रवि और आशीष के एक-एक विकेट



**रायपुर।** बी सी सी आई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2024 का आयोजन 21 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच गुरुवार को विजयनगरम में विदर्भ सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ पहले बल्लेबाजी करते हुये 30.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 80 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ का कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल सका तथा सभी अपना विकेट खोते गये। छत्तीसगढ की ओर से संजित देसाई ने सर्वाधिक 15 रन बनाये। विदर्भ की ओर से वाय आर ठाकुर ने 4 तथा हर्ष दुबे ने 3 विकेट लिये। 81 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ ने मात्र 18 ओवरों में 2 विकेट खोकर 83 रन बनाये तथा मैच आसानी से जीत लिया। विदर्भ की ओर से करुण नायर ने नाबाद 44 रन तथा वाय आर राठौर ने 28 रन नाबाद बनाये। छत्तीसगढ की ओर से रवि किरण तथा आशीष चौहान ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। विदर्भ ने मैच 8 विकेट से जीत लिया।



# नए साल शादीशुदा जीवन में आएंगी दोगुनी खुशियां, पार्टनर से करें कुछ वादे

शादीशुदा जीवन में विवाद चल रहा हो, पार्टनर से अक्सर लड़ाई झगड़े होते हों या फिर शादीशुदा जीवन में खुशियों को दोगुना करना हो, पार्टनर के साथ कुछ खास वादे नए साल की शुरुआत में ही कर लें। ये वादे आपके रिश्ते में प्यार, भरोसे और सम्मान को मजबूत बनाएं।

नया साल उम्मीदों का साल होता है। हर कोई उम्मीद करता है कि आने वाला साल खुशियां लाएगा और उन्नति के मार्ग खोलेगा। इसके लिए लोग भी नए साल में ज्यादा मेहनत करने, बेहतर स्वास्थ्य, सफल करियर और खुशहाल जीवन के लिए प्रयास करने का संकल्प करते हैं। नए साल की शुरुआत में लोग कुछ संकल्प लेते हैं जो उन्हें अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित करते हैं। हालांकि नया साल सिर्फ संकल्पों का नहीं, बल्कि रिश्तों को और मजबूत करने का समय होता है।

किसी भी व्यक्ति के जीवन में खुशहाली तब ही संभव है जो उनके रिश्तों या पारिवारिक जीवन में प्यार व विश्वास बना रहें। शादीशुदा जीवन में तो प्यार व विश्वास को बनाए रखना अधिक जरूरी होता है, जिसके लिए दोनों पार्टनर को कुछ प्रयास करने होते हैं। शादीशुदा जीवन में विवाद चल रहा हो, पार्टनर से अक्सर लड़ाई झगड़े होते हों या फिर शादीशुदा जीवन में खुशियों को दोगुना करना हो, पार्टनर के साथ कुछ खास वादे नए साल की शुरुआत में ही कर लें। ये वादे आपके रिश्ते में प्यार, भरोसे और सम्मान को मजबूत बनाएं।

### एक-दूसरे को समय देने का वादा



भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर कपल्स एक-दूसरे के लिए समय निकालना भूल जाते हैं। वह इतना व्यस्त हो जाते हैं कि पार्टनर के साथ पर्याप्त समय नहीं बिताते। जिससे उनके बीच संवाद की कमी होती है और आपका साथी रिश्ते में अकेलापन महसूस करने लगता है। 2025 में रिश्ते को मजबूत और खुशहाल बनाना चाहते हैं तो एक-दूसरे से वादा करें कि चाहे आप कितना भी व्यस्त क्यों न हों, हर दिन कम से कम 30 मिनट एक-दूसरे के साथ बिताएंगे। ये यम सिर्फ आपके पार्टनर का होगा। इस दौरान मोबाइल, टीवी या दफ्तर की टेंशन को दूर रखेंगे। अब चाहे वो सुबह की चाय हो या रात की सैर, साथ में बिताया गया ये समय रिश्ते में ताजगी ला सकता है।

### संवाद और समझ बढ़ाने का वादा

जब रिश्ते में छोटी-छोटी गलतफहमियां बड़ी होने लगती हैं तो कपल के बीच मनमुटाव होने लगते हैं। दो लोगों के बीच गलतफहमी होने का कारण होता है कि संवाद की कमी और भावनाओं को अपने पार्टनर से छुपाना। ऐसे में सामने वाला साथी समझ ही नहीं पाता कि आप क्या चाहते हैं और वह गलतफहमी का शिकार हो जाता है। कई बार पार्टनर की भावनाओं को नजरअंदाज करने से भी गलतफहमी बढ़ जाती है। नए साल में यह वादा करें कि आप एक दूसरे की भावनाओं को खुलकर समझेंगे और अपने दिल की बात बिना किसी झिझक के साझा करेंगे।




## कार्नर न्यूज

## हार्मोन से जुड़ी व्याधि नुकसान करती है आपके दिल का

# थायराइड प्रभावित करता है आपके दिल की सेहत को, वक्त रहते इस पर भी ध्यान दें

आजकल थायराइड की बीमारी काफी आम हो चुकी है। थायराइड रोग वह स्थिति है जिसमें थायराइड ग्लैंड शरीर की जरूरत से कम या अधिक हार्मोन का निर्माण करने लगता है जिसके कारण कई सारी समस्याएं पैदा होती है। थायराइड के कारण जहां मोटापा हेयर फॉल , जोड़ों में दर्द जैसी समस्या होती है वहीं यह दिल की सेहत को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। विषय विशेषज्ञ डॉ. हिमिका चावला नई दिल्ली ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी है। आइए जानते हैं थायराइड कैसे दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा देता है।



### थायराइड कैसे करता है हार्ट हेल्थ को प्रभावित ?

एक्सपर्ट बताती हैं की दोनों ही थायराइड हार्ट हेल्थ को प्रभावित करता है। हाइपोथायरायडिज्म की बात करें तो इसमें थायराइड हार्मोन का लेवल शरीर में कम हो जाता है,इससे थायराइड ग्लैंड का फंक्शन कम होने लगता है,इससे मेटाबॉलिज्म खराब हो जाता है,इससे दिल को नुकसान हो सकता है जैसे इससे हार्ट रेट स्लो हो जाता है,इससे आपको ब्रेडीकार्डिया की स्थिति पैदा हो जाती है।

इससे कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ सकता है,इसके कारण हृदय का फैलाव हो सकता है। इससे दिल का दौरा पड़ सकता है। थायराइड बढ़ने से हार्ट की धमनियां संकरी होने लगती है,इससे ब्लड का सर्कुलेशन ठीक ढंग से नहीं हो पाता है,लंबे समय तक यह स्थिति बनी रहने पर हार्ट अटैक आने का खतरा बना रहता है।

हाइपरथायरायडिज्म में आपका थायराइड ग्लैंड ओवर एक्टिव हो जाता है इससे हाइपर मेटाबॉलिज्म होता है जिससे हार्ट रेट बढ़ सकता है,इससे ट्रैकी कार्डिया की स्थिति पैदा हो सकती है। इस स्थिति में भी हार्ट का फैलाव हो जाता है। ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और इस तरह से हार्ट को नुकसान पहुंचता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्क्विड गेम' ने तोड़े कमाई के सभी रिकॉर्ड, पहले पार्ट से आगे निकलेगी




दक्षिण कोरियाई सीरीज 'स्क्विड गेम' ने कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े और नेटफ्लिक्स का नंबर वन शो बन गया। आज दूसरे पार्ट की भी दस्तक हो गई है। क्या यह पहले सीजन की पॉपुलैरिटी और कमाई को पीछे छोड़ पाएगी? दक्षिण कोरियाई सीरीज 'स्क्विड गेम' का पहला पार्ट 17 सितंबर, 2021 को रिलीज हुआ था। जिंदगी और मौत के इस गंदे खेल ने न सिर्फ कोरिया में बल्कि पूरे दुनियाभर में दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इसी का नतीजा रहा कि शो ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर नंबर वन का पायदान हासिल किया। साथ ही अपनी कमाई से ट्रेड एनालिस्ट्स को भी हैरान कर दिया। सीरीज का दूसरा पार्ट रिलीज हो गया है। इसी बीच आइए इसके मूल भाग के रिकॉड्‌र्स पर गौर फरमा लेते हैं- 'स्क्विड गेम' ने दुनियाभर में 900 मिलियन डॉलर की कमाई की थी। एक अनुमान के अनुसार 132 मिलियन लोगों ने पहले 23 दिनों में कम से कम दो मिनट के लिए शो देखा, जिसने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के हिट शो 'ब्रिजर्टन' द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। महज चार हफ्ते में 111 मिलियन दर्शकों की संख्या के विशाल रिकॉर्ड के साथ 'स्क्विड गेम' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बन गया। सीरीज का कुल बजट 21.4 मिलियन डॉलर था। वहीं, 'स्क्विड गेम' के प्रत्येक एपिसोड की मूल लागत लगभग 2.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी। सीरीज में ली जंग जे, पार्क हे सू, वाई हा जून, जंग हो येओन, ओ येओंग सु, हेओ सुंग टार, किम जू रयॉन्ग के साथ अभिनेता गोंग यू की विशेष कैमियो भूमिका है।

### टॉलीवुड


## 'लकी भास्कर' के बाद मीनाक्षी के हाथ लगी एक और फिल्म, श्रीलीला को किया रिप्लेस



नवीन पोलीशेट्टी साउथ के एक प्रतिभाशाली अभिनेता हैं। हालांकि, लंबे समय से वह किसी बड़ी फिल्म में नजर नहीं आए हैं। उनकी आखिरी फिल्म मिस शेट्टी मिस्टर पोलीशेट्टी को रिलीज हुए काफी समय हो चुका है। अब, अभिनेता के फैंस के लिए एक खुशखबरी आई है। नवीन की आगामी फिल्म अनगनगा ओका राजू नाम की फिल्म को फिर से शुरू किया गया है। पहले इस फिल्म को कुछ कारणों से रद्द कर दिया गया था, लेकिन अब यह फिर से बन रही है। इसका टीजर आज रिलीज होने वाला है। फिल्म में शुरुआत में श्रीलीला को मुख्य अभिनेत्री के रूप में कास्ट किया गया था, लेकिन शेड्यूल के टकराव के कारण उन्होंने इस प्रोजेक्ट को छोड़ दिया। इसके बाद फिल्म में उनकी जगह मीनाक्षी चौधरी को कास्ट किया गया है। मीनाक्षी को हाल ही में लकी भास्कर में देखा गया था। फिल्म में उनकी अदाकारी को लोगों ने काफी सराहा था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म में दुलकर सलमान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बड़े पर्दे के बाद इस फिल्म को ओटीटी पर भी खूब पसंद किया गया था। इस फिल्म की सफलता के बाद अब उनके हाथ एक और फिल्म आ गई है। नवीन पोलीशेट्टी के साथ इस फिल्म से उनके करियर को नई उड़ान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### भोजपुरी

## 'पैरों में गिरकर मांगनी पड़ती थी माफी', पवन से ब्रेकअप के बाद अक्षरा ने किया खुलासा



एक वक्त था जब अक्षरा सिंह और पवन सिंह के प्यार के किस्से सुर्खियों में थे। फिर एक बुरे मोड़ पर आकर दोनों का ब्रेकअप हुआ। इसके बाद अक्षरा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। भोजपुरी सिनेमा के चर्चित सितारे अक्षरा सिंह और पवन सिंह का अफेयर एक दौर में मीडिया की सुर्खियों में रहता था। दोनों एक-दूसरे के प्यार में इस कदर डूबे थे कि मामला शादी तक पहुंचने वाला था। लेकिन, ऐसा नहीं हो पाया। दोनों की राहें भी बहुत बुरे मोड़ पर जाकर खत्म हुईं। ब्रेकअप के बाद अक्षरा सिंह ने पवन सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाए। अक्षरा अपने और पवन सिंह के रिलेशन और ब्रेकअप को लेकर कई बार खुलकर मीडिया में बात कर चुकी हैं। ब्रेकअप के बाद अक्षरा ने अभिनेता पवन सिंह पर खुद को मारने-पीटने और टॉर्चर करने के आरोप लगाए। अभिनेत्री ने कहा था कि पवन सिंह उन्हें कमरा बंद करके बुरी तरह पीटते थे। वे उन्हें इतना प्रताड़ित करते थे कि अभिनेत्री अवसाद में जाने लगी थीं। एक बातचीत में अभिनेत्री से जब पूछा गया था कि क्या पवन उन्हें कभी मारते थ? इस पर अक्षरा ने कहा था, 'बहुत बार। एक बार तो मैं मरते-मरते बची थी। वे मुझे कमरा बंद करके पीटते थे'। अक्षरा सिंह ने कहा था कि आज भी वह दौर याद करते हुए वे कांप उठती हैं। एक्ट्रेस के मुताबिक, उन्हें बिना वजह अभिनेता से माफी मांगनी पड़ती थी, वह भी पैरों में गिरकर, क्योंकि माफी मांगने पर एक्टर का ईगो संतुष्ट होता था। अक्षरा ने कहा था, उनसे कहा जाता, 'कैसे माफी मांगो तो पूरा पैर पर गिरकर माफी मांगो। नॉर्मल नहीं पैर पर गिरकर माफी मांगो। कान पकड़कर सॉरी बोलो कि अब ये गलती नहीं होगी'। अभिनेत्री ने कहा कि जब वे कान पकड़कर माफी मांग लेती थीं तो कहते कहो आज के बाद ऐसा नहीं होगा। और गलतियां होती थीं, 'एयरपोर्ट पर ऐसा क्यों किया? दूसरी सीट पर क्यों बैठी?'

नए साल की तैयारी

लाइफ स्टाइल



न्यूयॉर्क फैशन वीक में राल्फ लॉरेन और टॉमी हिलफिगर जैसे डिजाइनरों की समकालीन शैलियों के साथ पुराने स्कूल की भव्यता का मिश्रण किया गया है। यह सारी नए साल के शो के लिए है। साल-2025 का स्वागत करने स्टेज सज चुके हैं और डिजाइनर अपने कलेक्शन के साथ छा जाने तैयार हैं। बस इंतजार है परदा उठने का।

## सर्दी के मौसम में चेहरा चमकाएगा मक्के का आटा, जानें इसके इस्तेमाल का तरीका



सर्दी के मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। ऐसे में हर कोई इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखता है। इसके लिए लोग महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट खरीदते हैं, और बहुत से लोग घरेलू नुस्खे अपनाते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो सर्दी के मौसम में आपको स्किन केयर में मक्के का आटा इस्तेमाल करना आना चाहिए। आप यदि हफ्ते में दो से तीन बार मक्के के आटे का फेसपैक इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

मक्के का आटा एक स्क्रब की तरह काम करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करता है। ऐसे में बिना सोचे हफ्ते में दो बार स्क्रब की तरह इसका इस्तेमाल करें। मक्के के आटे का फेसपैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में मक्के का आटा लें। अब उसमें धीरे-धीरे कच्चा दूध डालें और अच्छे से मिलाएं। इसके बाद शहद और गुलाब जल मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। पैक लगाने के बाद 15-20 मिनट तक इसे सूखने दें। अब हल्के गुनगुने पानी से स्क्रब करते हुए चेहरा धो लें।

### पैक इस्तेमाल करते समय रखें ध्यान

वैसे तो ये फेसपैक पैक आपकी त्वचा को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ और चमकदार बनाएगा। लेकिन इसके इस्तेमाल के समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना है। यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो पहले पैच टेस्ट करें। इस फेसपैक को आंखों और होंठों के आसपास न लगाएं। कई बार ये आंखों के अंदर चला जाता है, जो दिक्कत पैदा कर सकता है।

## नए साल की पार्टी में बिखेरना है जलवा तो तैयार होते समय रखें इन बातों का ध्यान



फैशन

नया साल हर किसी के जीवन में ढेर सारी खुशियां लेकर आता है। हर कोई नए साल का स्वागत अपने-अपने तरीके से करता है। बहुत से लोग इस दिन मंदिर, चर्च, गुरुद्वारा जाते हैं, तो वहीं बहुत से लोग अपने नए साल की शुरुआत पार्टी के साथ करते हैं। नए साल के मौके पर जगह-जगह पार्टी का आयोजन होता है। ऐसे में यदि आप भी किसी पार्टी में जा रही हैं तो आपने अपना आउटफिट तो प्लान कर ही लिया होगा। यदि आउटफिट प्लान नहीं किया है तो हम आपकी इसमें मदद करने जा रहे हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी टिप्स देंगे, जिसको फॉलो करके आप अपने लुक को पार्टी के अनुकूल बना सकती हैं। इन टिप्स को फॉलो करके यदि आप तैयार होंगी, तो न सिर्फ आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, साथ ही में आपका लुक पार्टी में सबसे अलग और खूबसूरत लगेगा।



### ऐसे करें आउटफिट का चयन

जिस न्यू ईयर की पार्टी में आप जा रही हैं, यदि वहां को कोई थीम है तो उसके अनुसार ड्रेस चुनें। हमेशा ऐसी ड्रेस पहनें जिसमें आप सहज महसूस करें। लंबे समय तक असहज कपड़े आपको परेशान कर सकते हैं। सर्दियों की पार्टी के लिए वेलवेट, साटन या स्वेटर स्टाइल टॉप्स अच्छे विकल्प हो सकते हैं। ये आपको सर्दी से भी बचाते हैं।

### पार्टी आउटफिट का रंग हो सही

पार्टी में कभी भी हल्के रंग के कपड़े नहीं पहनने चाहिए। पार्टी के माहौल के अनुसार हमेशा ग्लिटरी या मेटालिक कलर पहनें। खासतौर पर न्यू ईयर पार्टी के लिए गोल्ड, सिल्वर, ब्लैक और रेड शेड्स अधिक उपयुक्त रहते हैं, ये आपको ग्लैमरस दिखाने में मदद करते हैं।

## घर पर आसान विधि से बनाएं बॉडी वॉश, बिना केमिकल के होगा तैयार

कई बार ऐसा होता है कि बाजार में मिलने वाला बॉडी वॉश लोग केमिकल के डर की वजह से नहीं खरीदते हैं, ऐसे में हम आपको घर पर ही बॉडीवॉश बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं। भले ही इससे बाजार के जैसा झाग नहीं निकलेगा, लेकिन केमिकल रहित होने की वजह से ये आपकी त्वचा को काफी फायदा पहुंचाएगा। ऐसे में आइए आपको बिना देर किए घर पर ही बॉडी वॉश बनाने का तरीका बताते हैं।



### बॉडी बॉश बनाने का सामान

बॉडी बॉश बनाने के लिए सबसे पहले एक छोटे बर्तन में नारियल तेल डालें। अब इसमें शहद और गुलाब जल डालकर अच्छे से मिला लें। शहद आपकी त्वचा को मुलायम बनाएगा और गुलाब जल से ताजगी मिलेगी। अब इसमें अपना पसंदीदा और आवश्यक लैवेंडर का तेल डालें। इस तेल की खुशबू आपको तरोताजा कर देगी।

अगर आप नीम का पाउडर या चंदन पाउडर इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इन्हें डालकर अच्छे से मिला लें। अब आपका प्राकृतिक बॉडी वॉश तैयार है। इसे एक एयरटाइट बोतल में भरकर रख सकते हैं। नहाते समय एक छोटी सी मात्रा लें और गीले शरीर पर लगाकर अच्छे से मसाज करें, फिर पानी से धो लें।

### इस बात का रखें ध्यान

इस प्राकृतिक बॉडी वॉश का इस्तेमाल आपकी त्वचा को नर्म और ताजगी से भरपूर रखेगा। बस इसे बनाकर कमरे के तापमान पर रखें, वरना इसके खराब होने का डर बना रहेगा। इसे बनाकर एक बार पैच टेस्ट कर लें, ताकि आपको किसी तरह की एलर्जी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## लेदर जैकेट असली है या नकली इन तरीकों से पहचान सकते हैं आप

वैसे तो लेदर की जैकेट काफी महंगी आती है, लेकिन कई जगह लोग कम दामों में भी लेदर जैकेट बेच देते हैं। ये जैकेट असली है या नकली, खरीदने से पहले इस बात का पता लगाना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में हम आपको यहां असली और नकली लेदर जैकेट की पहचान का तरीका बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करके आप असली प्रोडक्ट ही खरीदेंगे।



### गंध की पहचान करें

लेदर खरीदते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि असली चमड़ा प्राकृतिक रूप से एक खास गंध छोड़ता है, जोकि मिट्टी जैसी होती है, जबकि नकली (सिंथेटिक) चमड़ा आमतौर पर एक रासायनिक गंध छोड़ता है, जो प्लास्टिक या कृत्रिम सामग्रियों से मिलता-जुलता होता है।

### छूकर देखें

ध्यान रखें कि असली चमड़ा मुलायम, लचीला और गर्म महसूस होता है, जबकि नकली चमड़ा आमतौर पर ठंडा, कठोर और चिकना लगता है। असली लेदर को दबाने पर उसमें रिंकल्स पड़ने लगते हैं, जबकि नकली वाले में कोई फर्क नहीं पड़ता, ये काफी मुलायम होता है।

### सतह करें चेक


असली चमड़े की सतह पर काफी खामियां होती हैं और रेखाएं बनी होती हैं, जबकि नकली चमड़े में एक समतल और म्यूट दिखने वाली सतह होती है।

कार्नर न्यूज

ठंड के मौसम में मेंस फैशन में बहुत कुछ है ध्यान देने लायक

## सर्दी के मौसम में पुरुषों को भी रखना चाहिए अपनी त्वचा का खास ध्यान, कुछ टिप्स आजमा कर छा जाएं महफिल में

*दिसंबर के आखिर में सर्द हवाएं चलना शुरू हो गई हैं। आलम तो कुछ ऐसा है कि लोग सुबह और शाम घर से पूरी तरह पैक होकर ही निकल रहे हैं। इस मौसम में जो हवाएं चलती हैं, उनकी वजह से न सिर्फ स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि इसकी वजह से त्वचा की नमी भी खोने लगती है। महिलाएं तो अपनी त्वचा का ध्यान खासतौर पर रख लेती हैं, लेकिन पुरुष अक्सर त्वचा का ध्यान रखने में लापरवाही बरतने लगते हैं। यही वजह है कि कड़ाके की सर्दी में उनकी त्वचा और भी ज्यादा डल लगने लगती है। ऐसे में हर पुरुष को अभी से अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए। बहुत से पुरुषों तो इस बात का आइडिया ही नहीं होता है कि वो कैसे अपनी त्वचा का ध्यान रखें। इसीलिए यहां हम आपको पुरुषों के लिए टिप्स देने जा रहे हैं, ताकि वो भी अपनी त्वचा का ध्यान रख सकें।*



### मॉइस्चराइजर का उपयोग करें

महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों की त्वचा भी सर्दी के मौसम में रूखी हो जाती है। ऐसे में दिन में कम से कम दो बार मॉइस्चराइजर लगाएं। ध्यान रखें कि चेहरे और हाथ-पैर के लिए अलग-अलग मॉइस्चराइजर आता है। चेहरे के लिए हल्के और नॉन-ग्रीसी मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।

### ज्यादा गर्म पानी से रहें दूर

सर्दी से बचने के लिए लोग अक्सर खूब तेज गर्म पानी से नहा लेते हैं। जबकि ज्यादा गर्म पानी से नहाने से त्वचा की नमी खत्म हो सकती है। इसलिए नहाने के लिए हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। नहाने के तुरंत बाद त्वचा पर मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें। महिलाओं की तरह पुरुषों को भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल नियमित रूप से करना चाहिए। सर्दियों में भी सूरज की यूवी किरणें त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। यदि आप अपना लुक खराब नहीं करना चाहते तो होंठों का खास ध्यान रखें। सर्दियों में होंठ फटने से बचाने के लिए लिप बाम का इस्तेमाल करें। ऐसे लिप बाम चुनें जिनमें शिया बटर या नारियल तेल हो।

### शेविंग के बाद करें ये

पुरुषों को सर्दी के मौसम में शेविंग के बाद त्वचा का खास ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए शेविंग के बाद त्वचा को मॉइस्चराइज करना न भूलें। इस मौसम में हमेशा अच्छी क्वालिटी का शेविंग क्रीम और आफ्टरशेव का इस्तेमाल करें।

### स्क्रबिंग करें

सप्ताह में एक बार चेहरे को एक्सफोलिएट करें ताकि मृत त्वचा सेल्स हट सकें और त्वचा चमकदार बनी रहे। इसके लिए हमेशा जेंटल स्क्रब का इस्तेमाल करें ताकि त्वचा पर अधिक खिंचाव न पड़े।

